रांची, गुरुवार, 8 मई 2025

संवत 2082, वैशाख शुक्ल 11 - मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 243, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक





4 ▸▸ ऑपरेशन सिंदूर : बदला हुआ भारत, बदला लेना जानता है

मेट गाला 2025 में प्रियंका ने सबके सामने निक को किया किस ◂◂ 6


## ऑपरेशन सिंदूर : सर्वदलीय बैठक खत्म

# खरगे बोले- संकट की इस घड़ी में हम सरकार के साथ

### सरकार ने सभी दलों को बताया ऑपरेशन सिंदूर कैसे हुआ

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष से एकजुट होने का किया आग्रह

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष से एकजुट होने का आग्रह किया, जबकि सरकार ने गुरुवार को सभी दलों को 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में जानकारी दी। विपक्षी दलों को सशस्त्र बलों की वीरता के बारे में बताया गया। भारत ने पाकिस्तान के अंदर आतंकी शिविरों पर हमला किया जो कि अब तक का सबसे बड़ा सीमा पार हमला है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर और मंत्री जेपी नड्डा और निर्मला सीतारमण ने भाग लिया। बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि संकट की इस घड़ी में हम सरकार के साथ हैं। बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की। बैठक में गृह मंत्री अमित



शाह और संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू भी मौजूद रहे। इनके अलावा विदेश मंत्री एस जयशंकर भी मौजूद रहे। इनके अलावा कांग्रेस की तरफ से राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी बैठक में शामिल हुए। बैठक में सरकार विपक्ष के नेताओं को ऑपरेशन सिंदूर के बाद की जवाबी कार्रवाई और भविष्य की तैयारियों को लेकर जानकारी दे रही है।

**ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान की हरकतों पर पैनी नजर रख रही सेना :** ऑपरेशन सिंदूर के बाद सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तानी सेना की गतिविधियों को लेकर स्थानीय बलों के साथ लगातार संपर्क में हैं। पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में आतंकी ठिकानों पर सटीक हमलों के बाद पाकिस्तान की ओर से युद्धविराम उल्लंघन पर कड़ी नजर रखी जा रही है। रक्षा अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि सेना और सुरक्षा बल पाकिस्तान की किसी भी संभावित गलत हरकत के लिए हाई अलर्ट पर हैं।

**ऑपरेशन सिंदूर से दहल उठा पाकिस्तान :** गौरतलब है कि 6 से 7 मई की दरमियानी रात को 1:05 बजे से लेकर 1:30 बजे तक सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया। 25 मिनट के इस ऑपरेशन में 24 मिसाइलों के जरिए नौ आतंकी शिविरों को ध्वस्त कर दिया गया। इन नौ ठिकानों में से पांच पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में थे, वहीं चार पाकिस्तान में थे। इन ठिकानों में आतंकियों को भर्ती किया जाता था। उन्हें प्रशिक्षित किया जाता था। इतना ही नहीं भारतीय सेना के इस कार्रवाई में आतंकी मसूद अजहर के परिवार के दस लोगों की मौत हो गई।

### कांग्रेस ने सभी तय कार्यक्रम रोके

कांग्रेस ने आतंकवाद के खिलाफ सरकार को पूरा समर्थन और सेना के साथ एकजुटता दिखाते हुए संविधान बचाओ रैलियों समेत पार्टी के सभी तय कार्यक्रम रोक दिए हैं। वहीं तनाव के माहौल में पीएम मोदी ने तीन देशों का दौरा रद्द कर दिया है। प्रधानमंत्री मोदी 13 से 17 मई तक नॉर्वे, क्रोएशिया और नीदरलैंड के दौरे पर जाने वाले थे।

### उत्तरकाशी में हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

## दर्दनाक हादसे में पायलट समेत छह यात्रियों की मौत

एजेंसी

**उत्तराकाशी :** जिले में आज सुबह एक हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में पायलट समेत छह लोगों की मौत हो गई है। एक घायल को एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस-प्रशासन के साथ ही आपदा प्रबंधन की टीम मौके के लिए रवाना हुई। घटनास्थल पर पहुंचते ही टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया।

गुरुवार सुबह करीब पौने नौ बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर गंगनानी के पास एक हेलिकॉप्टर क्रैश होने की सूचना पर पुलिस, एसडीआरएफ, फायर, मेडिकल व अन्य आपदा राहत दल मौके पर पहुंचे। राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। हेलिकॉप्टर एयरोट्रांस कंपनी का था, जिसने आज सुबह सहस्त्रधारा हेलीपैड से हर्षिल के लिए उड़ान भरी थी।

हेलिकॉप्टर में पायलट सहित सात लोग सवार थे, जिनमें छह यात्रियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। एक यात्री घायल हैं। सवार चार यात्री मुंबई और दो आंध्रप्रदेश के बताए जा रहे हैं।

सीएम ने जताया दुखः हेलिकॉप्टर हादसे को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने



गहरा दुख जताया। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों के हताहत होने का अत्यंत दुःखद समाचार प्राप्त हुआ है। ईश्वर हादसे में दिवंगत हुए लोगों की आत्मा को श्रीचरणों में स्थान एवं शोकाकुल परिजनों को यह असीम दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। प्रशासन को घायलों को हर संभव सहायता पहुंचाने एवं हादसे की जांच के निर्देश दिए हैं। कहा कि इस संबंध में लगातार अधिकारियों के संपर्क में हूं और हर स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है।

**प्रदेश में मौसम को लेकर चेतावनी :** बता दें, कि उत्तराखंड में इन दिनों चारधाम यात्रा चल रही है। केदारनाथ, बदरीनाथ और गंगोत्री-यमुनोत्री जाने के लिए बड़ी संख्या में यात्री पहुंच रहे हैं। कुछ पैदल यात्रा पर निकले हैं तो कई लोग हेली सेवा से पहुंच रहे हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद 3 धमाकों से दहल उठा पाकिस्तान का लाहौर, एयरपोर्ट बंद

एजेंसी

**नई दिल्ली :** लाहौर में मंगलवार देर रात अचानक तेज धमाकों की आवाज से पूरे शहर की नींद उड़ गई। वाल्टन एयरपोर्ट के पास हुए तीन जबरदस्त धमाकों ने न केवल स्थानीय नागरिकों को दहशत में डाल दिया, बल्कि पाकिस्तान की सुरक्षा एजेंसियों को भी सकते में डाल दिया। धमाकों की गूंज कई किलोमीटर तक सुनाई दी, जिसके बाद लोगों में अफरा-तफरी मच गई और पूरे इलाके में सायरन गूंजने लगे।

**हड़कंप मचाने वाला हमला, पुलिस भी उलझन में**

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, गोपाल नगर और नसीराबाद क्षेत्रों के पास यह धमाके हुए, जो पाकिस्तानी सेना की एक यूनिट के बेहद करीब बताए जा रहे हैं। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि यह हमला किसने किया या इसके पीछे किसका हाथ है।



### कराची एयरपोर्ट पर भी धमाका

लाहौर के साथ-साथ कराची में भी एयरपोर्ट के पास धमाके की खबरें आई हैं। हालांकि, कराची एयरपोर्ट पर फ्लाइट ऑपरेशन अस्थायी रूप से रोके जाने की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन सुरक्षा कारणों से अलर्ट जारी किया गया है।

### ड्रोन अटैक की आशंका

घटना स्थल से जो दृश्य सामने आए हैं, उनमें आसमान में काले धुएं का विशाल गुबार देखा गया है। कुछ स्थानीय लोगों ने दावा किया है कि यह ड्रोन हमले जैसा प्रतीत हो रहा था। सूत्रों की मानें तो लाहौर एयरपोर्ट को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है और क्षेत्र की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस और सैन्य एजेंसियां फिलहाल मौके का मुआयना कर रही हैं।

### ऑपरेशन सिंदूर : 100 आतंकवादी मारे गये

**नई दिल्ली :** भारत ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि वह अपनी सीमाओं की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारतीय सुरक्षा बलों ने सीमापार घुसकर आतंकवाद के ठिकानों पर सर्जिकल स्ट्राइक की, जिसमें अब तक करीब 100 आतंकवादी मारे जा चुके हैं। सरकार का कहना है कि यह संख्या और बढ़ सकती है, क्योंकि गिनती अब भी जारी है। इस अहम कार्रवाई की जानकारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में साझा की गई। इस बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, हम टकराव नहीं चाहते, लेकिन अगर पाकिस्तान ने कोई भी दुस्साहस किया तो भारत शांत नहीं बैठेगा। सरकार की तरफ से बताया गया कि इस ऑपरेशन में कुल 9 आतंकी ठिकानों को बेहद सटीकता से निशाना बनाया गया। इसमें आतंकी ढांचे को गंभीर नुकसान पहुंचा है और शुरूआती आकलन के मुताबिक 100 से ज्यादा आतंकियों को ढेर कर दिया गया है।

### 800 करोड़ के जीएसटी घोटाले में ईडी की बड़ी कार्रवाई

# झारखंड और बंगाल के नौ ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी

- रांची के तीन और जमशेदपुर में एक स्थान पर दबिश

संवाददाता

**रांची :** करीब 800 करोड़ के जीएसटी घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीमों ने गुरुवार सुबह झारखंड और बंगाल में नौ ठिकानों पर छापेमारी शुरू की है। रांची के तीन और जमशेदपुर में एक स्थान पर दबिश दी गई है। जिन ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है, वहां सुरक्षा के मद्देनजर सीआरपीएफ के जवानों को तैनात किया गया है।

सूत्रों के अनुसार, दोनों राज्यों के कारोबारियों ने कुल 14,325





करोड़ रुपए के फर्जी जीएसटी इनवॉइस बनाकर 800 करोड़ रुपए से ज्यादा के इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ लिया था। जिन कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है, उनमें शिवकुमार देवरा, सुमित गुप्ता, अमित गुप्ता एवं अन्य शामिल हैं। ईडी ने बंगाल में इस घोटाले में पहले भी छापेमारी की थी, जबकि झारखंड में इसे लेकर पहली बार कार्रवाई की जा रही है। आरोप है



कि कारोबारियों ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर व्यापारिक प्रतिष्ठान बनाए और इनपुट टैक्स क्रेडिट का अनुचित लाभ लिया। बाद में इन फर्जी प्रतिष्ठानों को बंद कर दिया गया।

उल्लेखनीय है कि इसी साल जनवरी महीने में जीएसटी निदेशालय की अन्वेषण टीम ने 100 करोड़ रुपए से अधिक के जीएसटी घोटाले में रामगढ़ के सारूबडेड़ा और धनबाद के झरिया में छापेमारी की थी। इसी तरह जमशेदपुर और आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र में भी आठ ठिकानों पर जीएसटी की टीम ने छापेमारी कर 150 करोड़ रुपये के फजीर्वाड़े का पदार्फाश किया था। फर्जी जीएसटी इनवॉइस जारी कर घोटाले के इस मामले में जमशेदपुर के जुगसलाई स्थित खाटू श्याम स्टील, जैसुका आयरन एंड पावर, बाबा श्याम स्टील, श्री स्टील, विवान इंटरप्राइजेज, एनएच-33 स्थित रिवाह रिसॉर्ट और आदित्यपुर स्थित मातेश्वरी इंजीनियरिंग सहित कई अन्य कंपनियां ईडी जांच के रडार पर हैं। फिलहाल इस मामले में जांच एजेंसी की ओर से आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी साझा नहीं की गई है।

### पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर में एलओसी पर की भीषण गोलाबारी

# एक जवान सहित 15 नागरिकों की मौत

एजेंसी

**जम्मू/श्रीनगर :** नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पाकिस्तान सेना की ओर से लगातार 14वें दिन गुरुवार को हुई गोलाबारी में एक सैनिक समेत 15 लोग मारे गए। इसके अलावा, 40 से अधिक घायल हुए हैं। रक्षा मंत्रालय (एमओडी) ने बयान में कहा, 7-8 मई 2025 की रात को पाकिस्तान सेना की ओर से जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामूला, उरी और अखनूर के सामने वाले क्षेत्रों में एलओसी पर बिना उकसावे के छोटे हथियारों और तोपखाने से गोलीबारी की। बयान में कहा गया है, भारतीय सेना ने भी इस फायरिंग का मुंहतोड़ जवाब दिया।

सेना के नगरोटा मुख्यालय वाले व्हाइट नाइट कोर ने एक्स पर लिखा, जीओसी और व्हाइट नाइट कोर के सभी रैंक 5 फील्ड रेजिमेंट के लांस नायक



दिनेश कुमार के सर्वोच्च बलिदान को सलाम करते हैं, जिन्होंने 7 मई 2025 को पाकिस्तान सेना की गोलाबारी में अपने प्राणों की आहुति दी। हम पुंछ सेक्टर में मासूम नागरिकों पर किए गए टारगेट अटैक के सभी पीड़ितों संग खड़े हैं। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर पहुंचने के बाद एलओसी के संवेदनशील इलाकों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करना शुरू कर दिया है। पुंछ और बारामूला के जिला अस्पतालों में बड़ी संख्या में घायल नागरिक भर्ती हुए हैं और जम्मू के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में विशेष उपचार की जरूरत वाले लोगों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।

जम्मू, पुंछ, राजौरी, सांबा, कठुआ, बारामूला, कुपवाड़ा और गुरेज में सभी स्कूल, कॉलेज और अन्य शैक्षणिक संस्थान बंद कर दिए गए हैं। इसके अलावा, वायु सेना ने श्रीनगर हवाई अड्डे का नियंत्रण ले लिया है और 10 मई तक सभी नागरिक उड़ान संचालन निलंबित कर दिए गए हैं। बता दें कि भारतीय सशस्त्र बलों ने बुधवार को पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए। रक्षा मंत्रालय (एमओडी) के बयान के अनुसार, भारतीय सशस्त्र बलों ने बुधवार को पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक मिसाइल हमले किए। इनमें सवई नाला कैंप, मुजफ्फराबाद (पीओके); मुरिदके (पाकिस्तान); सरजल कैंप, सियालकोट (पाकिस्तान); मरकज अहले हदीस, बरनाला (पीओके); मरकज अब्बास, कोटली (पीओके); मेहमूना जोया कैंप, सियालकोट (पाकिस्तान); मरकज सुभानअल्लाह, बहावलपुर (पाकिस्तान); सैयदना बिलाल कैंप, मुजफ्फराबाद (पीओके); और मसकर रहील शहीद गुलपुर कैंप, कोटली (पीओके) शामिल हैं। भारत ने स्पष्ट रूप से कहा है कि बुधवार को भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा किए गए हमलों में पाकिस्तान के किसी भी सैन्य प्रतिष्ठान को निशाना नहीं बनाया गया है।

## आरोपी को लेकर जा रही पुलिस गाड़ी कैंटर से टकराई, पांच की मौत

एजेंसी

**अलीगढ़ :** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। यहां एक आरोपी को ले जा रही पुलिस की गाड़ी कैंटर से टकरा गई। इस हादसे में एक सब इंस्पेक्टर और अभियुक्त सहित कुल पांच लोगों की मौत हो गई है। मामला अलीगढ़ के लोधा थाना इलाके का है। बताया जा रहा है कि लोधा इलाके में पुलिस की गाड़ी एक आरोपी को ले जा रही थी, तभी पुलिस की गाड़ी की कैंटर से टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए और गाड़ी में सवार एक सब-इंस्पेक्टर और आरोपी समेत पांच लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा दो अन्य घायल हुए हैं। वहीं, घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। साथ ही



क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहन को रास्ते से हटाया गया।

डीएसपी संजीव कुमार तोमर ने बताया, पुलिस की गाड़ी चिकावती मोड़ से बुलंदशहर जनपद की ओर जा रही थी, जिसमें गुलशनवर नाम के अभियुक्त को लेकर पुलिस जा रही थी। इसी दौरान गाड़ी की कैंटर से टक्कर हो गई। इस हादसे में एक सब-इंस्पेक्टर और आरोपी समेत पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि दो पुलिसकर्मी घायल हुए हैं और उनका इलाज चल रहा है। कुल मिलाकर तीन पुलिसकर्मी और एक आरोपी की मौत हो गई, जिसमें कुल चार लोगों की मौत हो गई। गाड़ी में छह लोग सवार थे, पांच पुलिसकर्मी और एक आरोपी गाड़ी में सवार थे। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि नींद लगने के कारण यह हादसा हुआ होगा।

न्यूज ब्रीफ

## जेएसएलपीएस के तहत वार्षिक कार्य योजना को लेकर चार दिवसीय प्रशिक्षण



**गिद्धौर (चतरा) :** प्रखंड मुख्यालय छः घरवा में जेएसएलपीएस के द्वारा संचालित सीएलएफ ऑफिस में बुधवार से चार दिवसीय वार्षिक कार्य योजना के तहत महिलाओं को प्रशिक्षण कराया जा रहा है।जहां लगभग 30 महिलाएं प्रशिक्षण ले रही है। प्रशिक्षण दे रहे पूनम कुमारी एवं प्रिया कुमारी ने बताई की इस प्रशिक्षण के बाद महिलाओं को गांव में जुड़े हुए समूह से जुड़े महिलाओं को स्वच्छ रहने के लिए विशेष ध्यान देना व बताना है एवं स्वच्छ भारत के तहत स्वच्छ गांव बनाने की बातें बताई जा रही है।साथ ही महिलाओं को सशक्त होने के कई जानकारियां बताई गई। प्रशिक्षण में गिद्धौर से प्रतिमा देवी,जया देवी,गीता देवी, प्रीति देव,शीला कुमारी,कमली देवी,रिंकू कुमारी,प्रियंका कुमारी, सरोज कुमारी,आशा देवी,कुसुम कुमारी सहित दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी।

## तेज हवा से टूटी पेड़ की डाली आवागमन बाधित



**मुरी :** बुधवार की दोपहर में आये आंधी -तूफान से सिल्ली के मुख्य मार्ग पर पेड़ की डालियां टूटकर गिरने से कुछ देर के लिए आवागमन बाधित हो गया। जिससे जाम की स्थिति पैदा हो गई। सड़क पर मोटर वाहनों की लंबी कतारें लगने लगी। पैदल चलने वाले लोग भी काफी देर तक जाम में फंसे हुए थे। वहीं दूसरी ओर नीचे टोला बोर्ड स्कूल के पास नीम का पेड़ गिर जाने से एक कच्चा मकान क्षतिग्रस्त हो गया।

## निपु सिंह ने री एडमिशन खत्म करने को लेकर शिक्षा मंत्री से की मुलाकात



**रांची:** झारखंड अगेंस्ट करप्शन का केंद्रीय संगठन मंत्री सह राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष निपु सिंह ने शिक्षा मंत्री से मिलकर कहा कि प्राइवेट स्कूल रांची जिले में मनमानी कर रहे हैं इसलिए मिडिल परिवार उससे तबाह हो चुके हैं उन्होंने कहा कि कक्षा दो की सिर्फ किताब खरीदने पर तीन हजार से अधिक खर्च आ रहा है ।

सिंह ने जोर देकर कहा कि अब प्राइवेट स्कूलों में बच्चों को पढ़ाना मिडिल परिवार के लिए बहुत मुश्किल हो गया है उन्होंने शिक्षा मंत्री से कहा कि सरकार प्राइवेट स्कूलों पर लगाम नहीं लगा पा रही है और कहा कि सरकार और शिक्षा मंत्री खुद बोल चुके हैं की री एडमिशन नहीं लेना है फिर भी स्कूल वाले री एडमिशन का नाम बदलकर दूसरे ढंग से री एडमिशन असूल रहे हैं और कहा कि री एडमिशन, प्रति महीना बढ़ते शुल्क, बस किराया और किताब का दाम से जनता परेशान है इस पर सरकार को जल्द से जल्द ठोस कदम उठाते हुए सभी प्राइवेट स्कूलों पर लगाम लगाते हुए कार्रवाई करनी चाहिए ।

## मध्यस्थता शिविर में पारिवारिक विवाद समेत कई मामले का निपटारा



**चतरा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव के निर्देश पर बुधवार को हंटरगंज थाना परिसर में निःशुल्क मध्यस्थता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में थाना क्षेत्र के केदली, गेरूआ, समेत अन्य गांवों से लोग अपने अपने मामले लेकर पहुंचे थे। इनमें , पारिवारिक विवाद,भूमि विवाद, गलीगलौज,मारपीट समेत अन्य कई मामले शामिल थे। मौके पर पीएलवी अजय कुमार दास एवं हंटरगंज थाना सब इंस्पेक्टर पुरूषोतम अग्निहोत्री ने दोनों पक्षों की बात सुनी और समझा-बुझाकर मध्यस्थता कराया। मौके पर उपस्थित लोगो को निःशुल्क कानूनी जानकारी दी गई। उपस्थित ग्रामीणों ने काफी सराहना किया तथा कहा कि इस निःशुल्क मध्यस्थता शिविर से लोगो को कोर्ट-कचहरी के चक्कर काटने से बचते हैं। वही पीएलवी अजय कुमार दास और एसआई पुरूषोतम अग्निहोत्री के द्वारा बताया गया कि कानूनी प्रक्रिया लंबी चलती है। इसमें दोनों पक्षों का समय, पैसा बर्बाद होता है। छोटे - मामले मध्यस्थता के जरिए मामले जल्दी सुलझाए जा सकते हैं। इधर लोगों ने एसआई और पलवी को यह कार्य के लिए बधाई दी। इस मौके पर एसआई बीर बहादुर सिंह भी मौजूद थे।

## सड़क सुरक्षा को लेकर चला वाहन चेकिंग अभियान

हंटरगंज(चतरा): थाना गेट के समाने सड़क सुरक्षा को लेकर डीटीओ इंदर कुमार के नेतृत्व में बुधवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दर्जनों वाहनों की चेकिंग की गई। थाना प्रभारी प्रभात कुमार और डीटीओ ने चालकों के ड्राइवरी लाइसेंस, हेलमेट, ओवरलोड, फिटनेस इत्यादि का जांच किया। वहीं वाहन चालकों को चालान काटने के बाद उनकों छोड़ा गया। थाना प्रभारी और डीटीओ ने कहा कि ट्रैफिक नियमों का पालन आवश्य करें। मौके पर कई परिवहन विभाग कर्मी सहित पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर मना जश्न

**जमशेदपुर :** पहलगाम में आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत मंगलवार और बुधवार की मध्यरात्रि को पीओके समेत पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हवाई हमला कर नौ आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। इस निर्णायक कार्रवाई ने न सिर्फ दुश्मन के गढ़ में खौफ पैदा किया, बल्कि पाकिस्तान को भी कठघरे में खड़ा किया, जो लगातार आतंक को पनाह देता आ रहा है।

# झारखंड आंदोलनकारी कपूर कुमार टुडू का निधन, सीएम हेमंत सोरेन ने दी श्रद्धांजलि

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड आंदोलनकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता कपूर कुमार टुडू (कपूर बागी जी) के निधन पर बुधवार को सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत चांडिल के चिलगू-चाकुलिया स्थित आवास पहुंचकर दिवंगत के पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री शोकाकुल परिजनों से मिलकर उन्हें ढाढ़स बंधाया और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिजनों को दुःख सहन करने की शक्ति देने हेतु प्रार्थना की। मुख्यमंत्री अंतिम यात्रा और अंत्येष्टि कार्यक्रम में भी शामिल हुए।



मुख्यमंत्री ने कहा कि कपूर टुडू के रूप में मैंने अपना एक भाई, दोस्त और झारखंड आंदोलनकारी खो दिया है। उनका निधन न सिर्फ हमारी पारिवारिक क्षति है, बल्कि इस राज्य ने एक ऐसे व्यक्तित्व को खो दिया है, जिन्होंने अलग राज्य के संघर्ष से लेकर अपने पूरे जीवन काल में सामाजिक कार्यकर्ता के तौर पर आम लोगों की तकलीफों को दूर करने का प्रयास करते रहे। मुख्यमंत्री ने व्यथित मन से कहा कि उनका निधन हमारे लिए अपूरणीय क्षति है। दिवंगत कपूर कुमार टुडू को अश्रुपूर्ण नमन।

परिवार में मां, पत्नी और तीन नाबालिग बच्चेः विदित हो कि दिवंगत कपूर कुमार टुडू रिश्ते में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के फुफेरे भाई थे। छह मई 2025 को उनका निधन हो गया था। वे अपने पीछे मां सुखी टुडू, पत्नी सुकुरमनी टुडू एवं दो पुत्र, एक पुत्री छोड़ गए हैं। वे अपनी सादगी और सरलता के लिए जाने जाते थे। सामाजिक सरोकार और आम लोगों के प्रति सेवा भाव उनकी पहचान थी।

## आर्थिक तंगी से परेशान युवक ने की आत्महत्या

**चतरा:** शहर के बिंड मुहल्ला नयकी तालाब निवासी बीरू राम (41) पिता स्व0 सुरेंद्र राम ने मंगलवार की रात फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।मृतक आर्थिक तंगी से परेशान था। परिजनो ने अहले सुबह उसे फांसी के फंदे में झुलता हुआ देखा। इसके बाद मुहल्ले के लोगो ने सदर पुलिस को इसकी जानकारी दी। सूचना पाकर पुलिस अवर निरीक्षक शमी अंसारी दल बल के साथ वहां पहुंच कर मामले की जानकारी ली। साथ ही शव को फंदे से नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया। जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनो को सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार बीरू राम दूसरे का चार पाहिया वाहन (स्कॉर्पियों) चला कर अपना जीविकोपार्जन करता था।

# सिंघानी पंचायत भवन की हालत जर्जर किसी बड़ी दुर्घटना को दे रहा आमत्रंण

### ठेकेदार की लापरवाही से कार्य में हो रही देरी

### छत का हिस्सा टूटकर लाभुक पर गिरा, बड़ा हादसा टला

मेट्रो रेज संवाददाता

**चतरा :** जिले के पत्थलगड़ा प्रखंड अंतर्गत सिंघानी पंचायत भवन की स्थिति दिनोंदिन दयनीय होती जा रही है। बुधवार को एक लाभुक जब पंचायत भवन पहुंचा, तो छत का हिस्सा अचानक गिर गया, जिससे बड़ा हादसा होते-होते टल गया। यह भवन फिलहाल अत्यंत जर्जर अवस्था में है, इसके जीर्णोद्धार हेतु लगभग 25 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की जा चुकी है। इसके बावजूद ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में अनावश्यक देरी की जा रही है। पंचायत की मुखिया राधिका देवी ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि ठेकेदार मनमानी कर रहे हैं और पंचायत भवन की मरम्मत को लेकर कोई गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। छत लगातार टूट-टूटकर गिर रही है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मरम्मत कार्य अविलंब प्रारंभ कराया जाए और वह भी गुणवत्तापूर्ण सामग्री से। यदि कार्य में गुणवत्ता से समझौता किया गया तो पंचायत स्तर पर इस मामले को लेकर कड़े कदम उठाए जाएंगे। ज्ञात हो कि पत्थलगड़ा प्रखंड के पांचों पंचायतों के भवनों के मरम्मत कार्य के लिए डीएमएफटी मद से लगभग 1।24 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। प्रत्येक पंचायत भवन के लिए लगभग 25-25 लाख रुपये की राशि निर्धारित की गई है। सभी मरम्मत कार्य प्राक्कलन एवं गुणवत्ता मानकों के अनुरूप कराए जाने हैं, किंतु ठेकेदार की लापरवाही से योजनाओं के क्रियान्वयन में बाधा उत्पन्न हो रही है। स्थानीय लोगों ने भी पंचायत भवन की दुर्दशा को लेकर चिंता व्यक्त की है और प्रशासन से शीघ्र ठोस कार्रवाई की मांग की है।

# चतरा पुलिस अधीक्षक ने किया हंटरगंज थाना का निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

मेट्रो रेज संवाददाता

**चतराः** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पाण्डेय ने हंटरगंज थाना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना प्रभारी से थाने की दैनिक कार्यप्रणाली की जानकारी ली तथा उनकी कुशलक्षेम पूछी। उन्होंने थाने में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की भी जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक थाना कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार एवं पुलिस निरीक्षक पप्पू शर्मा से थाने की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने अभिलेखों का अवलोकन कर उनके सुव्यवस्थित रख-रखाव हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके




अतिरिक्त, थाने में नियुक्त पुलिसकर्मियों की उपस्थिति तथा ड्यूटी पर तैनात कर्मियों की स्थिति का जायजा लिया। थाना में लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए उन्होंने उनके शीघ्र निष्पादन हेतु थाना प्रभारी एवं पुलिस निरीक्षक को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। निरीक्षण के दौरान सहायक उपनिरीक्षक पुरुषोत्तम अग्निहोत्री, नीतीश कुमार, लालबहादुर सहित कई पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

## ससुराल वालों की प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने खाया जहर

**चतराः** हंटरगंज थाना क्षेत्र के डाहा गांव निवासी बीरबल यादव की पत्नी गीता देवी ने बुधवार को जहर खाकर आत्महत्या कर लिया। इस संबंध में मृतका के मायके वालो ने स्थानीय थाना में आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया गया कि मृतका को पति के द्वारा प्रताड़ित किया जाता था। जिसे तंग आकर उक्त महिला ने जहर खा ली। गंभीर अवस्था में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हंटरगंज में लाया गया। जहां बेहतर ईलाज के लिए गया मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया था ।हालांकि परिजनों ने उसे शेरघाटी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां ईलाज के दौरान मौत हो गई। मौत के बाद मृतक्का के परिजनों ने महिला के ससुराल वालों पर दहेज को लेकर हत्या करने का रोक लगाया है ।स्थानीय थाना को जानकारी मिलते ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा अस्पताल भेज दिया।

# 18वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक संपन्न



मेट्रो रेज संवाददाता

**चतरा :** स्थानीय कृषि विज्ञान केन्द्र चतरा में 18वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र बिरसा कृषि विश्वविद्यालय काके रांची के डॉ एस एन कर्मकार ने की। बैठक में अटारी पटना जोन-4 के वरीय वैज्ञानिक डीवी सिंह, मुख्य वैज्ञानिक, अटारी, पटना, डॉ मो मोनोबुल्लाह, प्रधान वैज्ञानिक अटारी पटना, डॉ विनय कुमार, वैज्ञानिक बीएयू रांची, सह निदेशक, क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र, चिंयांकी एवं जिले के सभी कृषि संबंधित विभाग के पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान रंजय कुमार सिंह ने आये हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए विगत वर्षो में किये गये कार्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में वैज्ञानिक इंजीनियर विनोद कुमार पाण्डेय एवं वैज्ञानिक धर्मा उरांव ने अपने- अपने विगत वर्षो में किये गये कार्यो का प्रतिवेदन एवं वर्ष 2025-26 में किये जाने वाले संबंधित विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र बिरसा कृषि विश्वविद्यालय काके रांची के एस एन कर्मकार ने कहा कि सरल शोध कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक जो शोध करते हैं, वो किसानों तक ज्यादा से ज्यादा पहुंचे। इस पर भी वैज्ञानिक ध्यान दें। डा0 कर्मकार ने कहा कि किसानों के दरवाजे तक तकनिकों को पहुचाने कार्य कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक ही करते है जो काफी अहम है। वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक किसानों के हित को देखते हुए होनी चाहिए। कृषि विज्ञान केन्द्र तीन परपस पर कार्य करती है। पहला प्रशिक्षण दुसरा प्रत्यक्षण एवं तीसरा सुसाधन को जुटाना। कार्यक्रम में अटारी पटना जोन-4 के वरीय वैज्ञानिक डीवी सिंह कहा कि किसानों कि झारखण्ड में एक तरह की जमीन नहीं है इसको ध्यान में रख कर प्रत्यक्षण करें उन्होने कहा कि वैज्ञानिक जो भी शोध करे वो किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए करें । कार्यक्रम में प्रधान वैज्ञानिक अटारी पटना के डॉ मो मोनोबुल्लाह ने भी अपने संबोधन में कहा कि वैज्ञानिक छोटे-छोटे किसान को भी ध्यान में रखकर शोध का कार्य करें। कार्यक्रम में डॉ विनय कुमार,कनिय वैज्ञानिक बिरसा कृषि विश्वविद्यालय रांची ने कहा कि किसान की आमदनी दो तरह से बढ़ सकती है। पहला कम लागत हो और आमदनी ज्यादा हो।इस पर ज्यादा ध्यान देकर प्रत्यक्षण करें वैज्ञानिक। डा बिनय ने कहा कि अधिक आमदनी के लिए समुह में खेती करने काफी लाभ हो सकती है। अभी के किसान मजबुरी में खेती करते हैं पर ये सोच को बदलना होगा और खेती करनी होगी। तभी आप आमदनी को दुगुना कर सकते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में उपेन्द्र कुमार सिंह, शिवेन्द्र कुमार दूबे,अभिजित घोष, लालमनी ठाकुर, पतरसीया टोप्पो व अन्य शामिल थे।

# ऑपरेशन सिंदूर को लेकर खुशी, हुई आतिशबाजी



**खलारीः** कोयलांचल मे मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी के नेतृत्व में बुधवार को लोगों ने डकरा भूतनगर में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद लोगों में खुशी की लहर है। और आतिशबाजी कर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया । इस मौके पर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे भी लोगों ने लगाये। मौके पर अब्दुल्ला ने कहा कि आज पहलगाम में अपनों को खोने वाले पारिवारिक जनों को राहत मिली होगी। जब आतंकियों के ठिकानों पर भारतीय सेना ने हमला किया। जिन कायर आतंकियों ने बहनों का सिंदूरउजाड़ा था, ऑपरेशन सिंदूर से उन्हें ठंडक मिली होगी। देश की सेना को धन्यवाद करना चाहूंगा, जिन्होंने पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का नाम दुनिया के नक्शे से ही मिट जाना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी को बधाई देते हुए कहा कि 140 करोड़ भारतीय भारतीय सेना के साथ खड़ी है। इस मौके पर अरविंद कुमार बिरजू ठाकुर, उपेंद्र ठाकुर, अशोक सिंह, कृष्णा सिंह, अमजद खान सदाम अंसारी, सोनू ठाकुर, सुजीत ठाकुर, सलामत अंसारी, रियाजउद्दीन अंसारी, फिरोज अंसारी, मुस्तफा अंसारी, अनिल ठाकुर धर्मेंद्र चौहान, राकेश चौहान, कृष्णा चौहान विनोद नोनिया व अन्य शामिल थे।

## अफीम तस्करों के खिलाफ चतरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# 7 किलो 316.6 ग्राम अफीम के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

### बरामद अफीम की कीमत 35 लाख रु

### मापतौल और प्लास्टिक सील करने की मशीन समेत तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद

मेट्रो रेज संवाददाता

**चतरा :** जिले की गिद्धौर पुलिस ने मंगलवार को अफीम तस्करों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई में 7 किलो 316।6 ग्राम अफीम बरामद किया। पुलिस की यह कार्रवाई राजधानी रांची और जिले के गिद्धौर थाना क्षेत्र में हुई है। इस मामले में पुलिस ने तीन तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करों के पास से एक इलेक्ट्रानिक मापतौल मशीन,प्लास्टिक शील करने का मशीन, एक मोटरसाईकल,एक स्क्रीन टच मोबाईल



बरामद की है। गिद्धौर थाना में बुधवार को आयोजित एक प्रेस वार्ता में सिमरिया अनुमंडल के एसडीपीओ शुभम खंडेलवाल ने बताया कि पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय को गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के सियारी जंगल के पास बड़े पैमाने पर अफीम तस्कर अवैध अफीम की खरीद बिक्री करने वाले हैं। सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति मिथलेश कुमार को ढाई किलोग्राम अवैध अफीम के साथ गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तारी के बाद जानकारी सामने आई कि थाना क्षेत्र में एक बड़ा गिरोह सक्रिय है जो अंतर्राज्यीय तस्करों से मिलकर बड़े पैमाने पर अफीम तस्करों से मिला हुआ है। गिद्धौर में गिरफ्तार तस्करों की निशानदेही पर पुलिस ने छापामारी कर राजधानी रांची से भी 5 किलोग्राम अवैध अफीम की बरामदगी की। उन्होंने बताया कि नारकोटिक्स कंट्रोल विभाग में बरामद अफीम की कीमत लगभग 35 लाख रु है। एसडीपीओ श्री खंडेलवाल ने बताया कि चतरा जिले से तस्कर अफीम की खरीदगी कर झारखंड के अलावा पंजाब,हरियाणा समेत देश के अन्य हिस्सों में बेचते हैं। गिरफ्तार तस्करों में पत्थलगड्डा थाना क्षेत्र के सिंघानी गांव के चंद्रदेव दांगी का पुत्र मिथलेश कुमार , गिद्धौर थाना क्षेत्र के गिद्धौर गांव के सूरज दांगी का पुत्र चरित्र दांगी और रामलखन ठाकुर के पुत्र जितेन्द्र ठाकुर का नाम शामिल है।इस संबंध में कांड सं0-31/2025, दिनांक-06।05।2025, धारा- 111(2) (बी) बीएनएस एवं 18(बी)/22(सी)27(ए)28/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# रिम्स में महिला चिकित्सक से छेड़खानी, आरोपी फरार, प्रबंधन ने दर्ज कराया एफआईआर

संवाददाता

**रांची:** राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स की सुरक्षा व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल उठा है। बीते मंगलवार की रात अस्पताल के फर्स्ट फ्लोर पर सर्जरी वार्ड में ड्यूटी कर रही महिला डॉक्टर के साथ एक अज्ञात व्यक्ति ने छेड़खानी की ।

महिला डॉक्टर ने इसका विरोध करते हुए आरोपी शख्स को पकड़ने की कोशिश की लेकिन वह सीढ़ी से पहले तीसरी मंजिल पर गया और फिर दूसरे रास्ते से रिम्स के बाहर भाग गया।




जूनियर डॉक्टरों के अनुसार, आरोपी का फुटेज सीसीटीवी में कैद हो गया है। जिसे रिम्स प्रबंधन ने पुलिस को सौंप दिया है। जूनियर डॉक्टर ने बताया कि घटना के वक्त पूरे फ्लोर पर छह होमगार्ड के जवान ड्यूटी में तैनात थे। जिस जगह घटना हुई वहां भी दो-दो होमगार्ड जवान तैनात थे। जब महिला डॉक्टर ने शोर मचाया तो केवल एक महिला होमगार्ड ने आरोपी को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह कामयाब नहीं हो सकी।

रिम्स जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट डॉक्टर अभिषेक ने बताया कि अधिकारियों के साथ बैठक में तय हुआ है कि ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले होमगार्ड पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उनकी नियमित जांच भी सुनिश्चित की जायेगी। इसके लिए सिक्योरिटी सुपरवाइजर को निर्देश दिया गया है। वे हर घंटे अस्पताल का राउंड लेंगे और जवानों की ड्यूटी पर नजर रखेंगे। यदि किसी की लापवाही मिलती है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं महिला डॉक्टर से छेड़खानी मामले में रिम्स प्रबधंन ने एक संस्थागत एफआईआर भी दर्ज कराई है। पुलिस सीसीटीवी के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है।

# कामदा एकादशी पर श्याम बाबा मंदिर में उमड़ी भीड़



ज्योति पाठक

**रांची:** राजधानी रांची के हरमू रोड स्थित श्याम बाबा मंदिर में कामदा एकादशी के अवसर पर विशेष पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर जहां श्याम बाबा के भक्तों की व्यापक रूप से उपस्थिति रही वहीं भक्तजनों ने उपस्थित होकर श्याम बाबा का खूब जयकारा लगाया।

इस अवसर पर मंदिर के पुजारियों द्वारा विशेष पूजा अर्चना की गई और भक्तजनों के बीच प्रसाद का वितरण किया। वहीं सभी उपस्थित भक्तजनों ने एक स्वर में बाबा के नाम का नारा लगाया

हारे का सहारा श्याम बाबा हमारा।

## रांची में 10-11 मई को झारखंड राज्य सब जूनियर वुशू प्रतियोगिता

मेट्रो रेज

**रांची:** झारखण्ड राज्य सब जूनियर वुशू प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 10 एवं 11 मई 2025 को नामकुम स्थित लॉन बॉल्स स्टेडियम में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में झारखण्ड राज्य के विभिन्न जिलों के तकरीबन 300 खिलाडी और अधिकारी भाग लेंगे।इसकी जानकारी देते हुए झारखण्ड वुशु एसोसिएशन के चेयरमैन चंचल भट्टाचार्य ने बताया कि इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की तैयारी पूर्ण कर ली गयी है। उन्होंने बताया की प्रतियोगिता के आयोजन में खेल विभाग का सहयोग प्राप्त है और इस प्रतियोगिता से चयनित खिलाडी नामक्कल में आयोजित सब जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता दिनांक 26 से 31 मई तक में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।उन्होंने कहा कि इसके पूर्व खिलाड़ियों के प्रशिक्षण शिविर के लिए भी खेल विभाग से अनुरोध किया जायेगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह 10 मई को अपराह्न 1 बजे जबकि समापन दिनांक 11 मई को अपराह्न 3 बजे किया जाएगा।

# संविधान बचाओ रैली झारखंड कांग्रेस के लिए गौरव और संकल्प का अवसर बना : केशव महतो

**रांची :** झारखंड में संविधान बचाओ रैली की सफलता के लिए प्रदेश कांग्रेस



अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सभी प्रिंट, इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधियों को, झारखंड प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष, मंत्री, पूर्व मंत्री, सांसदों, पूर्व सांसदों, विधायक, पूर्व विधायक, बोर्ड, निगम, आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य, जिला, प्रखंड, पंचायत अध्यक्ष, अग्रणी मोर्चा संगठन विभाग के अध्यक्ष, पदाधिकारी, एआईसीसी सदस्य प्रदेश प्रतिनिधि को पत्र लिखकर धन्यवाद दिया।

कमलेश ने कहा कि संविधान बचाओ रैली झारखंड प्रदेश कांग्रेस के लिए गौरव और संकल्प का अवसर बना। यह रैली न केवल संगठन की शक्ति और एकता का प्रतीक बनी बल्कि झारखंड की धरती से संविधान और लोकतंत्र की रक्षा का सशक्त संदेश देश भर में गया, हजारों कार्यकर्ताओं एवं जनमानस की भागीदारी ने रैली को जनांदोलन का स्वरूप दिया। इस ऐतिहासिक आयोजन की सफलता में संगठन एवं मीडिया के साथियों ने अपना अभूतपूर्व योगदान दिया है, इसके लिए उन सभी को हृदय की गहराइयों से धन्यवाद एवं साधुवाद देता हूं। कमलेश ने कहा कि आप सभी के सामूहिक प्रयासों से ही रैली जन-जन की आवाज बन सकी। भविष्य में भी इसी ऊर्जा और प्रतिबद्धता के साथ हम सब मिलकर लोकतंत्र और संविधान की रक्षा हेतु संघर्षरत रहे यही अपेक्षा करता हूं। संगठन के सदस्यों की प्रतिबद्धता मेहनत और संगठित प्रयासों ने सुनिश्चित कर दिया कि कांग्रेस आज भी लोकतंत्र और संविधान के मूल्य की सच्ची प्रहरी है। कांग्रेस के संदेश हर जिले प्रखंड मंडल पंचायत टोले तक पहुंचे यही हमारा लक्ष्य है और निश्चित रूप से आपके सहयोग से हम इस लक्ष्य को प्राप्त करेंगे।

# हैवानियत : बेटे ने मां को बेल्ट से पीटा, आहत महिला ने की आत्महत्या

संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची के चुटिया थाना क्षेत्र के मकचुंद टोली में कल बुधवार को बेटे द्वारा मारपीट से आहत महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका महिला की पहचान 56 वर्षीय सुनीता देवी के रूप में हुई है। मृतका की बेटी की शिकायत पर चुटिया थाना पुलिस ने महिला के बेटे राहुल केसरी पर अपनी मां को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में केस दर्ज किया है।

**मारपीट के बाद मां ने लगायी फांसी:** मृतका की विवाहिता पुत्री रूबी केसरी के अनुसार बीते 5 मई 2025 को राहुल ने अपनी मां के साथ मारपीट की थी। रूबी ने बताया कि उसके भाई ने मां को बेल्ट और मुक्के से मारा था। मां के साथ मारपीट करने के बाद राहुल घर से निकल गया। इस दौरान सुनीता देवी घर पर अकेली थी। अगली सुबह 6 मई को पड़ोसियों से जानकारी मिली कि घर का दरवाजा कोई नहीं खोल रहा है।

**ससुराल से दौड़ी आयी बेटी:** रूबी ने बताया कि मामले की जानकारी होते ही वह अपने ससुराल भरकुंडा से रांची आयी। जब उसने दरवाजा खोला, तो देखा कि सुनीता देवी फंदे से लटकी हुई है। रूबी ने अपनी शिकायत में बताया कि उसका भाई राहुल केसरी अक्सर मां के साथ मारपीट और प्रताड़ित करता था।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से उप. मुख्य बिजली इन्जीनियर (निर्माण–II) उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर के अधीन निम्नलिखित कार्यों के लिये दी गई तिथि को 15.00 बजे तक ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :– **1.कार्य का नाम : Tender No.EL-C-JP-PSSA-T01-25-26** उत्तर पश्चिम रेलवे पर उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण–।। जयपुर के अधिकार क्षेत्र में निष्पादित की जा रही परियोजनाओं के लिए विभिन्न निर्माण स्थलों/खंडों पर परियोजना पर्यवेक्षण सेवाएं प्रदान करने के लिए परियोजना पर्यवेक्षण सेवा एजेंसी (पीएसएसए) की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी)। **2. कार्य की अनुमानित लागत** : रू. 103604834.00 **3. बयाना राशि जो जमा करनी है** : रू. 668000.00 **4. निविदा प्रपत्र जमा कराने** – 30.05.2025 Upto 15.00 Hrs. व **खुलने की तारीख व समय** : 30.05.2025 at 15.30 Hrs. **5. Pre bid conference date & time :** 09.05.2025 at 11.00 Hrs. **6. उपरोक्त ई निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये वैबसाइट का पता** :– www.ireps.gov.in

**522-DR/25**

हमें /NWRailways NWRailways_पर फॉलो करें

# जमीन संबंधी बाध्यता समाप्त करने को लेकर शिक्षा मंत्री से मिला जपस्वा



मेट्रो रेज

रांचीः शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यू डायस कोर्ड का गहन छानबीन करने के बाद ही विद्यालय को मान्यता देने पर सरकार विचार करेगी ।

झारखण्ड प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन (जपस्वा) ने आज राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन से उनके आवास पर एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष अरविंद कुमार के नेतृत्व में भेंट की। एसोसिएशन ने चार प्रमुख मांगों निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अंतर्गत केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा जमीन को रकबा में न बांधते हुए विद्यालय की संरचना के आधार पर वर्ग 5 या वर्ग 8 तक मान्यता देना। सीएनटी एक्ट और एसपीटी एक्ट के अंतर्गत आने वाले भूमि को 30 वर्षों तक लीज करना। खेल का मैदान और कमरे की साइज को विलुप्त करने, एवं जिन विद्यालयों को यू डायस कोर्ड नहीं है वैसे विद्यालय को कोर्ड देना को रखते हुए मंत्री से मुलाकात की।

मंत्री ने बातों को गंभीरता से सुनने के बाद सुना उन्हें बतलाया गया कि हम सभी विद्यालय प्रति वर्ष यू डायस के माध्यम से विद्यालय की संरचना, कमरे की साइज, शिक्षक और वर्ग सहित छात्र की संख्या के साथ विस्तृत रूप से फॉर्मेट के माध्यम से ऑनलाइन उपलब्ध कराया जाता है। तब उन्होंने कहा कि आपलोग जो यू डायस जमा करते हैं उनका सर्टिफाइड कॉपी उपलब्ध कराए फिर हम मान्यता के लिए विचार करेंगे। अन्य मांगों के लिए कहा कि पहले एक बड़ा काम हो जाने दिया जाय फिर उन सब का भी निपटारा किया जायेगा।

प्रतिनिधिमंडल में जेपस्वा की ओर से आलोक बिपिन टोप्पो, सचिदानन्द कुमार, रणधीर कुमार कौशिक, शुभोजित अधिकारी, कमल सिंह, मुकेश कुमार सिंह, धर्मशीला सिंह, विजय कुमार, विकास कुमार, गौतम कुमार पासवा के कार्यकारी अध्यक्ष मो उस्मान, मसूद कच्छी, महताब आलम, अंसारुल्लाह, तौफीक हुसैन, डॉ वी एन वर्णवाल सहित देवघर, हजारीबाग, चतरा, लोहरदग्गा, कोडरमा के पदाधिकारी गण भी उपस्थित थे।

# रांची में निषेधाज्ञा लागू, 60 दिनों तक प्रदर्शन- रैली पर रोक




**रांची :** राजधानी रांची के कई वीआईपी जगहों पर निषेधाज्ञा लागू की गयी है। अगले 60 दिनों तक इन क्षेत्रों के आसपास धरना प्रदर्शन, रैली या जुलूस निकालने की सख्त मनाही रहेगी। सीएम आवास, हाई कोर्ट, विधानसभा सहित कई प्रमुख स्थानों के आसपास 4 जुलाई या अगले आदेश तक निषेधाज्ञा लागू रहेगी। जानकारी के अनुसार बीते कुछ दिनों से धरना प्रदर्शन के लिए निर्धारित स्थान जाकिर हुसैन पार्क के बजाय लोग राजभवन मुख्य द्वार, मुख्यमंत्री आवास और अन्य प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शन कर रहे हैं। इन जगहों पर धरना प्रदर्शन या रैली निकालने से सरकारी कामकाज प्रभावित होते है। इसके अलावा यातायात व्यवस्था भी बाधित होती है। कई बार सड़कों पर वाहनों की कतारें लग जाती है। इसके मद्देनजर जिले के प्रमुख स्थानों के आसपास निषेधाज्ञा लागू की गयी है।

**निषेधाज्ञा के दौरान इन चीजों की रहेगी मनाही:** इस दौरान किसी भी प्रकार के धरना प्रदर्शन, रैली या जुलूस बिना अनुमति के नहीं निकलेगी।किसी भी प्रकार का हथियार जैसे बंदूक, तलवार, तीर-धनुष इत्यादि लेकर चलने की सख्त मनाही। बिना किसी अनुमति के लाउडस्पीकर के इस्तेमाल पर रोक रहेगी।

## इन जगहों पर निषेधाज्ञा लागू

- कांके स्थित सीएम आवास के 100 मीटर की परिधि में।
- राजभवन के 100 मीटर के दायरे में, जाकिर हुसैन पार्क को छोड़कर।
- झारखंड हाईकोर्ट के 100 मीटर के दायरे में।
- नई विधानसभा के 500 मीटर की परिधि में।
- प्रोजेक्ट भवन और नेपाल हाउस के 100 मीटर के दायरे में।
- एचईसी और प्रोजेक्ट भवन के 200 मीटर की परिधि में।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल संख्या–1, राँची**

**अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–16/2025–26**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 15.05.2025 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 16.05.2025 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 16.05.2025 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Day to Day Maintenance of Garden, Lawn and Gamla and Sanitary Installation works for State Guest House at Circular Road, Ranchi for the Year 2025-26 (Period 01-04-2025 to 31-03 2026). | 2678700.00 | 53600.00 | 5000.00 | 12 Months |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची

PR 351903 Building(25-26)#D

# पहलगाम आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब है ऑपरेशन सिंदूर: सुनील सिंह

मेट्रो रेज

**रांची:** भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी सह राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए आतंकवाद के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भारतीय सेना की सराहना की, तथा आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। सुनील सिंह ने कहा कि सेना



की संयुक्त कार्रवाई का यह स्ट्राइक आरंभ है, पर प्रचंड है। हिंद की सेना के पराक्रम पर हमें गर्व है। हमारे हिंद की सेना ने देश की बहनों की सुनी मांग का बदला लेकर मारे गए लोगों को सच्ची श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने कहा कि जो देश की जन आकांक्षा और इच्छा थी उसके अनुरूप देश की सेना ने कार्रवाई कर आतंक के खिलाफ देश के रुख को स्पष्ट कर दिया। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से मोदी ने पाकिस्तान सहित उन देशों को जो आतंक को पनाह देते हैं, उन्हें स्पष्ट रूप से सख्त संदेश दिया है। भारत की बेटियों ने प्रधानमंत्री से अपने सिंदूर मिटाने वालों को मिट्टी में मिलाने की गुहार लगाई थी, जिस पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि भारत की बेटी का सिंदूर मिटाने वाले को मिट्टी में मिला दिया जाएगा, जिसे दफनाने के लिए कब्र भी कम पड़ जाएगा। और उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तानी पापियों को उन्हीं के घर में घुसकर उन्हें कब्र में पहुंचा दिया। श्री सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर की ब्रीफिंग कर रही भारत की दोनों बेटियां कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमका सिंह को इस सफल ब्रीफिंग के लिए धन्यवाद दिया।

**Office of Executive Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag**

**Very Short Tender e-Procurement Notice**
**(3rd Call)**

**Tender reference:-12/HZB/2024-25**
**1.PR. No-350211 (Drinking water and Sanitation) 2025-26 (D)**
**2.PR. No-350565 (Drinking water and Sanitation) 2025-26 (D)** **Date :- 07.05.2025**

| Sl. No. | Name of the work | Estimate Cost (In Rs.) | Earnest Money (In Rs.) | Cost of BOQ (In Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Estimate for dismantling of old elevated service reservoir (ESR) and construction of new elevated service reservoir (ESR) of 1,00,000 (Lakh) Ltr capacity at Indra Gandhi Balika Vidhyalya Hazaribagh Under DW& S Division Hazaribagh on Turn key basis for the year 2024-25 | 24,98,802.00 | 50000.00 | 5,000.00 | 06 Months |
| 2. | Date of Tender uploading in website | Date:- 09.05.2025 up to 05:00 PM | | | |
| 3. | Last date receipt of Bid | Date:- 19.05.2025 up to 05:00 PM | | | |
| 4. | In the Reference Letter No-230 dt.-03.10.2023 of the Secretary to the Government ministry of Information Technology e-governance, Jharkhand Last Date & Time for Online Deposit Cost of BOQ & EMD | Date:- 19.05.2025 up to 05:00 PM | | | |
| 5. | Date of opening tender | Date:- 20.05.2025 | | | |
| 6. | Name and address of office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag | | | |
| 7. | Name and address of tender opening officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag | | | |
| 8. | Contact no of e-procurement office | 06546-262291 | | | |
| 9. | Helpline No. of e-procurement cell | 0651-2480345 | | | |

i) Estimated Cost & EMD Cost may be changed.
ii) Only Registered contractor in this department participate in said tender.
iii) Further details can be seen on website- http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
D.W. & S. Division, Hazaribag

PR.NO.351881 Drinking Water and Sanitation(25-26):D

## सुविचार

**मेहनत अगर आदत बन जाए, तो सफलता ही तकदीर बन जाती है।**

## आतंक पर भारत का सटीक प्रहार

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को जो हुआ, उसे दुनिया ने देखा और हर देशभक्त की आंखें उस दिन नम थीं अपने भारतीय नागरिकों के लिए। देशभर से एक ही आवाज उठ रही थी कि पाकिस्तान के इस आतंकपरस्त कदम का भारत सटीक जवाब दे। इसके बाद जिस तरह से कूटनीतिक स्तर पर मोदी सरकार ने एक के बाद एक कदम आगे बढ़ाए और अंतिम कदम के रूप में यूनाइटेड नेशन सिक्योरिटी काउंसिल (यूएनएससी) की मीटिंग में पाकिस्तान से जैसे तीखे सवाल किए गए, जिनके जवाब देते उसे नहीं बना। उसके बाद सीधे भारत का पाकिस्तान में नौ जगहों पर मिसाइलों से हमला करना आज यह बताने के लिए प्रयाप्त है कि भारत अब अपने हितों के लिए किसी भी सीमा तक जा सकता है। यदि कोई उसे आंख दिखाएगा तो उन आंखों को फोड़ देने में उसे देर नहीं लगनेवाली है। वास्तव में आज भारतीय सेनाओं की आतंकवाद के विरोध में की गई यह सयुक्त कार्रवाई प्रत्येक भारत वासियों को आत्म गौरव से भर रही है। वैसे भी पराक्रम का स्वभाव ही है कि वह उत्साह से भर देता है। पहलगाम हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा ही था कि आतंक को इस बार ऐसा जवाब दिया जाएगा जो कल्पना से परे होगा और आतंकियों को मिट्टी में मिलाने का काम किया जाएगा और वही हुआ। इस हमले में भारत ने 100 से ज्यादा आतंकियों को मारा है। इसके साथ ही भारत ने एक संदेश यह भी दिया है कि यदि पाकिस्तान ने फिर से कोई कायराना हरकत की तो इस तरह का कदम उठाएगा। इसके साथ ही भारत के ऑपरेशन सिंदूर सर्जिकल स्ट्राइक पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ने जो प्रतिक्रिया दी है। इससे पहले रूस का भारत को समर्थन देना हो या यूरोपियन देशों समेत कई मुस्लिम देशों से प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष भारत को साथ मिलना हो, यह सभी कदम पूरी तरह से भारत के पक्ष में जाते हैं। दूसरी ओर पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता ने पुष्टि की है, भारत ने मुजफ्फराबाद, कोटली और बहावलपुर में हमले किए हैं। जब एक दिन पहले यूनाइटेड नेशन सिक्योरिटी काउंसिल (यूएनएससी) में पाकिस्तान से पूछा जा रहा था कि क्या पहलगाम अटैक में लश्कर-ए-तैयबा शामिल था तब इस प्रश्न का कोई जवाब पाकिस्तान नहीं दे पाया था। दूसरे ही दिन भारत ने इसका उत्तर आतंक पर मिसाइलें दाग कर दे दिया। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद के हेडक्वार्टर को निशाना बनाया है। मुरीदके में लश्कर ए तैयबा के हेडक्वार्टर पर हमला किया। मुरीदके में ही लश्कर का मरकज-ए-तैयबा परिसर है, जहां आतंकियों को ट्रेनिंग दी जाती है। इसके अलावा भारत ने मुजफ्फराबाद में बिलाल मस्जिद और कोटली में अब्बत मस्जिद को निशाना बनाया है। फिर मुजफ्फराबाद में हिजबुल मुजाहिदीन के अड्डे को निशाना बनाया। इसी तरह से कोटली में टेरर कैंप, भिंबर में टेरर लॉन्च पैड, गुलपुर में टेरर लॉन्च पैड, चक अमरू में टेरर लॉन्च पैड और सियालकोट में आतंकी कैंप को निशाना बनाया है। इसे यदि और गहरी स?पष?टता के लिए समझें तो मरकज सुब्हान अल्लाह, बहावलपुर - जैश-ए-मोहम्मद का प्रमुख अड्डा। सरजल, तेहरा कलां - जैश-ए-मोहम्मद का दूसरा अड्डा। मरकज अब्बास, कोटली - जैश-ए-मोहम्मद का तीसरा आतंकी ट्रेनिंग स्थान। सैयदना बिलाल कैंप, मुजफ्फराबाद - जैश-ए-मोहम्मद के चौथे स्थल। मरकज तैयबा, मुरीदके - लश्कर-ए-तैय्यबा का प्रमुख स्थान। मरकज अहले हदीस, बरनाला - लश्कर-ए-तैय्यबा का दूसरा प्रमुख स्थल। शावई नाला कैंप, मुजफ्फराबाद - लश्कर-ए-तैय्यबा का तीसरा बड़ा प्रमुख आतंकी अड्डा। महमूना जोया, सियालकोट - हिजबुल मुजाहिद्दीन के आतंकी ट्रेनिंग स्थल और मस्कर राहील शाहिद, कोटली - हिजबुल मुजाहिद्दीन का दूसरा बड़ा आतंकी स्थल है, जहां पर यह भारत की एयर स्ट्राइक की गई है। कुल मिलाकर यहां जो स्पष्ट रूप से दिखाई दिया है, वह है कि भारतीय सेना ने जैश-ए-मोहम्मद, हिजबुल मुजाहिद्दीन और लश्कर-ए-तैयबा जैसे तीन प्रमुख आतंकवादी संगठनों के ठिकानों पर सटीक हमला किया है, जिसमें इन आतंकी संगठनों के ठिकाने बहुद हद तक तबाह हुए हैं। पूरी कार्रवाई भारतीय सशस्त्र बलों ने ह्यऑपरेशन सिंदूरह्न नाम से की है। भारतीय सेनाओं के संयुक्त बयानों से यह स्पष्ट कर दिया गया है कि पाहलगाम आतंकवादी हमले का बदला लेते हुए, इन नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया है। ये वही ठिकाने हैं, जहां से भारत पर आतंकी हमलों की साजिश रची जा रही थी और उन्हें अंजाम दिया जा रहा था। भारत अपने ऊपर होने वाले किसी भी वार को नहीं सहेगा, बलकि उसका कठोरतम तरीके से जवाब देता रहेगा। यहां यह भी देखने में आया ही कि ह्यऑपरेशन सिंदूर सर्जिकल स्ट्राइकह्न से पूर्व भारतीय सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट कर संकेत साफ दे दिया था कि अब वह कुछ बड़ा करने जा रही है। इसमें लिखा ही था, जयाय प्रशिक्षिताः और  मतलब साफ था कि पहलगाम हमले का बदला आज ही लिया जाएगा। और वह अब ले लिया गया है। वहीं, भारतीय सेना का यह कहना कि ह्यपाकिस्तानी सैन्य ठिकाने को निशाना नहीं बनाया गया, आतंकी ठिकाने को निशाना बनाया गया है ह्न यह स्पष्ट कर देता है कि भारत की लड़ाई किसी देश से नहीं, सीधे आतंकवाद के विरोध में है। फिर भी यदि पाकिस्तान की तरफ से कुछ भी भारत के विरोध में कोई बड़ा कदम उठाया जाता है तो भारत की तरफ से संकेत साफ है कि इससे भी भयंकर अटैक भारत अपनी ओर से करने के लिए तैयार है। निःसंदेह जिनसे बचना पाकिस्तान के लिए कहीं से भी संभव नहीं होगा। इसके साथ ही आज की कार्रवाई पहलगाम में आतंकी हमले के वक्त आतंकवादियों की भारतीय प्रधानमंत्री के नाम संपूर्ण भारत की संप्रभुता को दी गई उस चुनौती को भी याद दिलाती है। जिसमें पुरुष पर्यटकों को धर्म देखकर गोली मारते वक्त इन आतंकियों ने कहा था कि 'मोदी को बता देना।' तो जो बताने के लिए कहा गया, वास्तव में यह उस संदेश का एक छोटा-सा किंतु बहुत मुखर और प्रभावी जवाब है। यदि अब भी पाकिस्तान इस्लाम के नाम पर जिहाद और आतंकवाद को भारत के विरोध में इस्तेमाल करता है, तो आज की भारत की कार्रवाई से आप यही मान सकते हैं कि आगे भारत आतंक के विरोध में बहुत बड़ा कदम उठाएगा।

# ऑपरेशन सिंदूरः बदला हुआ भारत, बदला लेना जानता है

भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर यानी पीओके में आतंकियों के ठिकानों को निशाना बनाकर एयर स्ट्राइक की। इस कार्रवाई में 100 से ज्यादा आतंकवादियों के मारे जाने और कई अन्य के घायल होने की खबरें आ रही हैं। भारत ने इस जवाबी कार्रवाई को नाम दिया- ऑपरेशन सिंदूर ये नाम उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पतियों की पहलगाम में आतंकियों ने धर्म पूछकर हत्या कर दी थी।

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के एक पखवाड़े बाद भारत ने इसका जवाब उपयुक्त और निर्णायक ढंग से दिया। 6/7 मई की मध्यरात्रि भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर यानी पीओके में आतंकियों के ठिकानों को निशाना बनाकर एयर स्ट्राइक की। इस कार्रवाई में 100 से ज्यादा आतंकवादियों के मारे जाने और कई अन्य के घायल होने की खबरें आ रही हैं। भारत ने इस जवाबी कार्रवाई को नाम दिया-ऑपरेशन सिंदूर। ये नाम उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पतियों की पहलगाम में आतंकियों ने धर्म पूछकर हत्या कर दी थी। इस सैन्य कार्रवाई को केवल रणनीतिक पलटवार नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस स्पष्ट संकल्प की पुष्टि के रूप में देखा जा रहा है, जो उन्होंने हमले के दो दिन बाद बिहार के मधुबनी से दिया था। 24 अप्रैल को पंचायती राज दिवस के मौके पर मधुबनी पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने पहलगाम हमले पर गहरा शोक प्रकट किया और देशवासियों से दो मिनट का मौन रखवाया। इसके बाद उन्होंने एक कड़े और प्रतिज्ञाबद्ध स्वर में कहा था- ₹मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि जिन्होंने ये हमला किया है, उन आतंकियों और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी।₹ प्रधानमंत्री का दिया गया बयान अब ह्यऑपरेशन सिंदूरह्न के रूप में धरातल पर उतर चुका है, जिसमें आतंकी नेटवर्क की जड़ें हिलाकर रख दी गई हैं। ऑपरेशन सिंदूर के लिए जिन आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिलाया गया है, उनमें से चार पाकिस्तान और पांच पीओके में हैं। पहलगाम में आतंकी हमला कोई पहली घटना नहीं था जिसको पाक का समर्थन प्राप्त था। दशकों से पाकिस्तान में पले-बढ़े और प्रशिक्षित आतंकी भारत में आतंकी घटनाओं को अंजाम देते आए हैं। लेकिन हर बार घटना के बाद




भारत सरकार का रवैया जबानी जमा-खर्च तक रहा। दो-चार दिन की बयानबाजी और कागजी कार्रवाई के बाद गाड़ी पुरानी पटरी पर दौड़ती रही और पाकिस्तान अपनी कारस्तानियों से बाज नहीं आया।

देश में आतंकी घटनाओं की लंबी फेहरिस्त है। चूंकि देश में सबसे ज्यादा लंबे समय तक कांग्रेस का राज रहा है, ऐसे में पाक समर्थित आतंकवाद से निपटने के लिए बयानबाजी और डोजियर भेजने का जो तरीका कांग्रेस की सरकार ने शुरू किया, वो 2014 तक जारी रहा। हर आतंकी हमले के बाद भारत ने जिस तरह रिएक्ट किया, उससे पूरी दुनिया में यह मैसेज गया कि भारत एक 'सॉफ्ट स्टेट' है। भारत के इस टालू और ठंडे रवैये से पाकिस्तान के हौसले बुलंद हुए। 2004 से 2014 में कांग्रेस नीत यूपीए सरकार के शासन में आतंकियों के हौसले इतने बुलंद थे कि वो जहां चाहते थे आसानी से हमले को अंजाम दे देते थे। उन्हें पता था कि भारत सरकार का रवैया बयानबाजी और कागजी लिखा-पढ़ी से ज्यादा कुछ नहीं होगा। वर्ष 2014 में केंद्र की सत्ता में भाजपा नीत एनडीए सरकार का आगमन हुआ। जिसका नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर रहे हैं। मोदी सरकार ने सत्ता संभालने के साथ आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करना शुरू किया। जिसका नतीजा यह रहा है कि कश्मीर को छोड़ कर देश के किसी हिस्से में आतंकी घटना की खबर सामने नहीं आई। कश्मीर में स्थानीय लोगों की मदद से आतंकियों और उनके सरगनाओं के हौसले बुलंद हैं। 2019 में अनुच्छेद 370 को हटाने के बाद घाटी के हालात तेजी से बदले। उसके बाद से देश में आतंकी घटनाओं का ग्राफ गिरा है। 18 सितंबर 2016 में जम्मू-कश्मीर स्थित उरी भारतीय सेना के ब्रिगेड हेडक्वार्टर पर जैश-ए-मोहम्मद के चार आतंकवादियों ने सुबह सवेरे घात लगाकर हमला किया। हमले में हमारे कई जवान शहीद हुए। इस हमले के महज 10 दिन बाद भारतीय जवानों ने 28-29 सितंबर की दरम्यानी रात को पीओके में सीमा के भीतर तीन किलोमीटर अंदर तक घुसकर आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर डाला। पाकिस्तान को सबक सिखाने का इससे बेहतर तरीका नहीं हो सकता था। जम्मू कश्मीर के पुलवामा में 14 फरवरी 2019 की शाम करीब तीन बजे सीआरपीएफ के एक काफिले को श्रीनगर-जम्मू हाईवे पर आतंकी हमला हुआ था। इस हमले में 40 जवान शहीद हो गए थे। इस हमले का बदला लेने के लिए भारत ने एयर स्ट्राइक का विकल्प चुना था।

इन दो बड़ी घटनाओं के बाद मोदी शासनकाल में पहलगाम घटना सामने आई है। जिसका प्रत्युत्तर मोदी सरकार ऑपरेशन सिंदूर के तौर पर दिया है। चूंकि आतंकियों ने धर्म पूछकर हिंदू पुरुषों की हत्या उनकी पत्नी और परिवार के सामने की। आतंकियों ने हिंदू महिलाओं का सुहाग उजाड़ कर उनके माथे के गौरव सुहाग चिह्न सिंदूर को पोंछने का कुकृत्य किया था। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने नापाक पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए हुए ऑपरेशन का नामकरण सिंदूर रखकर दुनिया को यह संदेश दिया है कि निर्दोष नागरिकों को मारकर सुहाग उजाड़ने और सिंदूर मिटाने वाले ज्यादा दिन सांस नहीं ले पाएंगे।

पहलगाम आतंकी घटना में हुई नृशंसता के बारे में भारत की बेटियों ने रो-रोकर पूरी दुनिया को बताया था। पाकिस्तान के आतंकी ठिकाने उजाड़ने के बाद भारतीय सैनिकों की वीरता की कहानी भी प्रेसवार्ता के माध्यम से भारत की दो बेटियों कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने ही पूरी दुनिया के सामने रखी। इस ऑपरेशन के जरिये भारत ने फिर स्पष्ट किया है कि अब कोई आतंकी हमला बिना जवाब के नहीं जाएगा। यह कार्रवाई सिर्फ एक सैन्य उपलब्धि नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतीयों की सामूहिक इच्छा का परिणाम है। प्रधानमंत्री के शब्दों में-ह्लअब आतंकियों की बची-खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है ह्व

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# रेडक्रॉसः आपदा काल का भरोसेमंद दोस्त

8 मई 1828 को जन्मे डयूनेंट 1859 में हुई सालफिरोनो (इटली) की लड़ाई में घायल सैनिकों की दुर्दशा देख बहुत आहत हुए थे। युद्धभूमि में पड़े इन घायल सैनिकों के उपचार के लिए कोई चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध नहीं थी। युद्ध मैदान में घायल पड़े इन्हीं सैनिकों के दर्दनाक हालात को देखकर उन्होंने मेमोरी और सालफिरोनो नामक एक पुस्तक भी लिखी और 1863 में रेडक्रॉस की अंतरराष्ट्रीय समिति आईसीआरआई का गठन किया।

**योगेश कुमार गोयल**

रेडक्रॉस की स्थापना महान मानवता प्रेमी जीन हेनरी डयूनेंट द्वारा की गई थी, इसीलिए उनके जन्मदिन के अवसर पर प्रतिवर्ष विश्वभर में 8 मई का दिन ह्यअंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवसह्न के रूप में मनाया जाता है और संस्था की गतिविधियों से आम आदमी को अवगत कराने के प्रयास किए जाते हैं। रेडक्रॉस की स्थापना वर्ष 1863 में हुई थी और अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस सोसायटी दुनिया के सभी देशों में रेडक्रॉस आन्दोलन का प्रसार करने के साथ-साथ रेडक्रॉस के आधारभूत सिद्धांतों के संरक्षक के रूप में भी कार्य कर रही है। 8 मई 1828 को जन्मे डयूनेंट 1859 में हुई सालफिरोनो (इटली) की लड़ाई में घायल सैनिकों की दुर्दशा देख बहुत आहत हुए थे। युद्धभूमि में पड़े इन घायल सैनिकों के उपचार के लिए कोई चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध नहीं थी। युद्ध मैदान में घायल पड़े इन्हीं सैनिकों के दर्दनाक हालात को देखकर उन्होंने ह्यमेमोरी और सालफिरोनोह्न नामक एक पुस्तक भी लिखी और 1863 में रेडक्रॉस की अंतरराष्ट्रीय समिति ह्यआईसीआरआईह्न का गठन किया। डयूनेंट के सतत प्रयासों की बदौलत ही 1864 में जेनेवा समझौते के तहत ह्यअंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस मूवमेंटह्न की स्थापना हुई। डयूनेंट ने इटली में युद्ध के दौरान रक्तपात का ऐसा भयानक मंजर देखा था, जब चिकित्सकीय सहायता के अभाव में युद्धक्षेत्र में अनेक घायल सैनिक हृदयविदारक कष्ट से तड़प रहे थे। ऐसे घायलों की सहायता के लिए उन्होंने स्थायी समितियों के निर्माण की आवश्यकता को लेकर आवाज बुलंद की, जिसका असर भी दिखा। युद्ध में आहतों की स्थिति के सुधार के साधनों का अध्ययन करने के लिए उसके बाद एक आयोग का गठन किया गया। 1863 में जेनेवा में एक अंतरराष्ट्रीय बैठक में रेडक्रॉस के आधारभूत सिद्धांत निर्धारित किए गए तथा रेडक्रॉस आन्दोलन का विकास करते हुए आहत सैनिकों और युद्ध पीड़ितों की सहायता संगठित करने हेतु दुनियाभर के सभी देशों में राष्ट्रीय समितियां बनाने पर जोर दिया गया। नेपोलियन तृतीय के हस्तक्षेप के चलते अंतरराष्ट्रीय समिति स्विस फेडरल काउंसिल को 8 अगस्त 1864 को जेनेवा में सम्मेलन बुलाने के लिए राजी करने में सफल हुई, जिसमें 26 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस सम्मेलन के चलते जेनेवा अधिवेशन हुआ, जिसमें सुरक्षा के प्रतीक रेडक्रॉस वाले सफेद झंडे पर स्वीकृति की मोहर लगाई गई, जो आज समस्त विश्व में रेडक्रॉस का प्रतीक चिन्ह बना हुआ है। शुरूआती दौर में रेडक्रॉस की भूमिका युद्ध के दौरान बीमार और घायल सैनिकों, युद्ध करने वालों और युद्धबंदियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाना तथा उन्हें उचित उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराने तक ही सीमित थी किन्तु अब इस संस्था के दायित्वों का दायरा लगातार विस्तृत होता जा रहा है। मानवीय सेवा को समर्पित रेडक्रॉस ने प्रथम तथा द्वितीय विश्वयुद्ध में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए अनेक घायल सैनिकों तथा नागरिकों की सहायता कर अनुकरणीय उदाहरण पेश किया था। दुनिया के किसी भी भाग में जब भूकम्प, बाढ़, भू-स्खलन या अन्य किसी भी प्रकार की प्राकृतिक अथवा मानवीय आपदा सामने आती है तो सबसे पहले ह्यअंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस सोसायटीह्न की टीमें वहां पहुंचकर राहत कार्यों में जुट जाती हैं। शांति और सौहार्द के प्रतीक के रूप में जानी जाने वाली इस संस्था ने अपने कर्मठ, समर्पित और कर्त्तव्यनिष्ठ स्वयंसेवकों के माध्यम से न केवल भारत में बल्कि दुनियाभर में अपनी अलग पहचान बनाई है। फिलहाल 190 से भी अधिक देशों में ह्यरेडक्रॉसह्न संस्था सक्रिय है। भारत में ह्यभारतीय रेडक्रॉस सोसायटी अधिनियमह्न के तहत वर्ष 1920 में रेडक्रॉस सोसायटी का गठन हुआ था और स्थापना के नौ वर्ष बाद इसकी सराहनीय गतिविधियों को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस सोसायटी ने ह्यभारतीय रेडक्रॉस सोसायटीह्न को मान्यता प्रदान की। भारत में रेडक्रॉस की स्थापना के शुरूआती वर्षों में देश में रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष भारत के उपराष्ट्रपति होते थे किन्तु वर्ष 1994 में रेडक्रॉस एक्ट में संशोधन करते हुए सोसायटी का पदेन अध्यक्ष महामहिम राष्ट्रपति तथा सचिव केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री को बनाया गया। वर्तमान समय में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की देशभर में 750 से अधिक शाखाएं मानवता की सेवा में जी-जान से जुटी हैं। रेडक्रॉस एक ऐसी स्वयंसेवी संस्था है, जो देश के किसी भी हिस्से में प्राकृतिक अथवा मानवीय आपदा के शिकार लोगों को बचाने व राहत पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और इसमें शामिल होने वाले कर्मठ स्वयंसेवकों की संख्या निरन्तर बढ़ रही है। विश्वभर में रेडक्रॉस के करीब एक करोड़ सत्तर लाख स्वयंसेवक हैं। यही कारण है कि रेडक्रॉस दिवस को ह्यअंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवसह्न भी कहा जाता है। रेडक्रॉस लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करती है और अपनी विभिन्न शाखाओं के जरिये देशभर में जगह-जगह रक्तदान शिविर लगाकर प्रतिवर्ष बहुत बड़ी मात्रा में रक्त एकत्रित करती है। देश में रक्त एकत्रित करने तथा वही रक्त जरूरतमंद लोगों के लिए सही समय पर उपलब्ध कराने का कार्य यह संस्था कई दशकों से लगातार कर रही है। वास्तव में रक्त इकट्ठा करने वाली यह विश्व की एकमात्र सबसे बड़ी संस्था है, जिससे कैंसर, थैलेसीमिया, एनीमिया जैसी प्राणघातक बीमारियों से जूझ रहे हजारों लोगों की जान बचाई जाती हैं। रेडक्रॉस की पहल पर दुनिया का पहला ब्लड बैंक अमेरिका में 1937 में स्थापित हुआ था और वर्तमान में दुनियाभर के अधिकांश ब्लड बैंकों की देखरेख रेडक्रॉस तथा उसकी सहयोगी संस्थाओं द्वारा ही की जाती है। रेडक्रॉस देश के किसी भी भाग में मानवीय या प्राकृतिक आपदा के शिकार लोगों को बचाने तथा उन्हें राहत पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही है। रेडक्रॉस का मुख्य उद्देश्य जीवन तथा स्वास्थ्य की सुरक्षा करना एवं मानव मात्र का सम्मान सुनिश्चित करना है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# गंगा सप्तमी व्रत से भक्त होंगे रोग मुक्त

गंगा सप्तमी है, हिंदू धर्म में गंगा सप्तमी को बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। इस पर्व पर गंगा स्नान, व्रत-पूजा और दान का विशेष महत्व है। वहीं इस बार गंगा सप्तमी के दिन कई दुर्लभ संयोग का निर्माण हो रहा है तो आइए हम आपको गंगा सप्तमी का व्रत एवं पूजा विधि के बारे में बताते हैं।  हर साल वैशाख माह की शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि पर गंगा  सप्तमी का पर्व मनाया जाता है। धार्मिक कथाओं के अनुसार, इस तिथि पर ही मां गंगा की उत्पत्ति हुई थी। पंचांग को देखते हुए इस साल यह पर्व 03 मई को मनाया जाएगा। इस तिथि को गंगा माता की कृपा प्राप्ति के लिए उत्तम माना गया है। ऐसे में आपको इस दिन पर कुछ बातों का ध्यान जरूर रखना चाहिए। धार्मिक मान्यता के अनुसार, मां गंगा को मोक्षदायिनी माना जाता है। पंडितों के अनुसार इस पवित्र नदी में स्नान करने से व्यक्ति को जन्म जन्मांतर के पापों से मुक्ति मिल जाती है। वैशाख माह शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को गंगा सप्तमी का पर्व मनाया जाता है। इस शुभ अवसर पर बड़ी संख्या में लोग गंगा नदी में आस्था की डुबकी लगाते हैं। उसके बाद मां गंगा और देवों के देव महादेव की पूजा करते हैं। इस दिन कुछ दुर्लभ संयोग बन रहे हैं। इस इन दुर्लभ और शुभ योग में पवित्र गंगा में स्नान और दान पुण्य करने से व्यक्ति के जन्म-जन्मांतर के पापों से मुक्ति मिलती है।

### गंगा सप्तमी शुभ योग

गंगा सप्तमी के दिन दुर्लभ त्रिपुष्कर योग का संयोग बन रहा है। इसके साथ ही रवि योग और शिववास योग का संयोग बन रहा है । इसके अलावा, पुनर्वसु और पुष्य नक्षत्र का भी संयोग है. मान्यता है कि इस योग में स्नान दान और भोलेनाथ की पूजा करने से व्यक्ति को धरती पर ही स्वर्ग के समान सुखों की प्राप्ति होती है।

### गंगा सप्तमी के दिन स्नान और दान-पुण्य का शुभ मुहूर्त

वैदिक पंचांग के अनुसार, गंगा सप्तमी के दिन स्नान और दान पुण्य का शुभ मुहूर्त सुबह 10 बजकर 58 मिनट से लेकर दोपहर 1 बजकर 38 मिनट तक रहेगा। इस दौरान लोगों को पवित्र गंगा में स्नान करने के लिए कुल 02 घण्टे 40 मिनट की समय मिलेगा।

### गंगा सप्तमी का महत्व

धार्मिक मत है कि गंगा नदी में श्रद्धापूर्वक डुबकी लगाने मात्र से व्यक्ति के सभी पाप धुल जाते हैं। इसी के साथ शास्त्रों में गंगा नदीं को कलयुग का तीर्थ बताया गया है। गंगा सप्तमी के दिन सूर्य देव, महादेव और भगवान विष्णु की पूजा की भी पूजा-अर्चना का महत्व माना गया है। गंगा केवल एक नदी नहीं है, बल्कि हिंदू धर्म में इन्हें माता का दर्जा दिया गया है, इसलिए गंगा को गंगा मैय्या कहा जाता है।

### गंगा सप्तमी पर न करें ये काम

अगर आप चाहते हैं कि देवी गंगा की कृपा आपक ऊपर बनी रहे, तो गंगा नदी में भूलकर भी किसी प्रकार का कूड़ा-कचरा न डालें, वरना आप पाप का भागीदार बन सकते हैं। इसी के साथ गंगा सप्तमी के दिन हर प्रकार के नकारात्मक विचार से दूर रहना चाहिए और न ही किसी असहाय व्यक्ति का अपमान करना चाहिए। इस दिन केवल अच्छे कर्म करें और गरीब व जरूरमंद लोगों के बीच अपनी क्षमता के अनुसार दान करें।

## सेहत

### दांत के सड़ने पर हो सकता है कैंसर का खतरा

दांतों में सड़न होने से सिर और गर्दन के पास स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा नामक कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि कैविटी के कारण दांत के अंदरूनी हिस्से से होते हुए गर्दन और सिर में गंभीर बीमारी हो सकती है। हालांकि कैविटी की वजह से सीधा कैंसर नहीं होता है। लेकिन इससे जो सूजन और संक्रमण फैलता है, वह धीरे-धीरे कैंसर का खतरा बढ़ाता है। इसलिए आपको इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि क्या दांत सड़ने से कैंसर का खतरा हो सकता है। वहीं जिस कैविटी से पानी बाहर नहीं निकल पाता है, तो वहां पर क्रॉनिक सूजन की वजह से साइटोकाइन रिलीज होता है। इसके आसपास के टिशू में क्षति हो सकती है। रिएक्टिव ऑक्सीजन स्पीसीज की वजह से सूजन अधिक बढ़ती है। जिसकी वजह से सेल्स में परिवर्तन होने के साथ दांत सड़ता है। बैक्टीरिया टॉक्सिन, फ्यूसोबैक्टीरियम न्यूक्लियेटम और पोर्फिरोमोनस जिंजिवलिस जैसे बैक्टीरिया भी दांतों में मिलते हैं। इनमें टॉक्सिन सेल्स बढ़ता है और बदलाव भी करता है।

**खराब ओरल हाइजीन** : इसके अलावा खराब ओरल हाइजीन भी एक रिस्क फैक्टर है, जोकि आमतौर पर बिना ट्रीटमेंट वाली कैविटी में मिलता है। इसको सिर और गर्दन के कैंसर का भी कारक माना गया है। वहीं खाब ओरल हाइजीन की वजह से तंबाकू और शराब जैसे कैंसरकारी कारकों के संपर्क में आने से भी मुंह में हानिकारक पदार्थों का जमाव हो सकता है।

**एचपीवी की भूमिका** : अगर मुंह के अंदर लंबे समय तक संक्रमण रहता है, तो इससे ह्यूमन पैपिलोमावायरस के संक्रमण का जोखिम बढ़ जाता है। यह गले के कैंसर से बहुत करीब से जुड़ा हुआ है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज ब्रीफ

## उपायुक्त ने कारा प्रबंधन को सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने का दिया निर्देश



**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती ने साहेबगंज स्थित मंडल कारा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कारा की सुरक्षा व्यवस्था साफ-सफाई, कैदियों की दिनचर्या स्वास्थ्य सुविधाएं अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं का गहनता से अवलोकन किया।उपायुक्त ने कारा के विभिन्न वार्डों का भ्रमण करते हुए कैदियों से सीधे संवाद स्थापित किया और उनकी समस्याओं और सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कारा प्रबंधन को सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कैदियों को समय पर भोजन, स्वास्थ्य जांच व मानसिक परामर्श जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर बल दिया। साथ ही जेल परिसर की साफ-सफाई स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के निर्देश भी दिए। मौके पर मंडल कारा अधीक्षक चंद्रशेखर सुमन सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के अंत में उपायुक्त ने संतोष व्यक्त करते हुए सुधारात्मक सुझाव भी दिए और कारा प्रशासन को कैदियों के मानवाधिकारों के प्रति संवेदनशील रहने की सलाह दी।

## नशा से बचाव व जागरूकता के लिए खुलेगा काउंसलिंग सेंटर : डीसी




**पलामू :** पलामू डीसी शशि रंजन व एसपी ने जिले में नशा पर रोक व मादक पदार्थों की बिक्री पर नियंत्रण के लिए बुधवार को संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की. डीसी ने नशीले पदार्थों के उत्पादन, प्रसंस्करण व तस्करी के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. साथ ही नशा की रोकथाम व इसके प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए काउंसलिंग सेंटर को कहा. इसके लिए स्थल का चयन करने व काउंसलर की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया. साथ ही वीडियो फिल्म आदि के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाने को कहा.

उन्होंने विद्यार्थियों को नशे की गिरफ्त से दूर रखने व उन्हें इसके दुरुपयोग से बचाव के लिए बेहतर प्रयास करने की बात कही. जिला शिक्षा पदाधिकारी को सभी सरकारी व गैरसरकारी स्कूलों के प्रधानाध्यापक, कॉलेजों के प्राचार्य व शैक्षणिक संस्थानों के प्रधान के साथ बैठक कर व उनके सहयोग से नियमित अभियान चलाकर नशीले पदार्थों के सेवन व बिक्री पर रोक लगाने का निर्देश दिया.

उन्होंने कहा कि स्कूल-कॉलेजों के आसपास सीसीटीवी कैमरा लगाएं व लतत निगरानी रखें. कहा कि स्कूल-कॉलेजों के आसपास नशीले पदार्थों की बिक्री की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए. सिविल सर्जन व ड्रग इंस्पेक्टर को मेडिकल दुकानों पर प्रतिबंधित नशीली दवाओं की बिक्री पर रोक के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा. साथ ही उप विकास आयुक्त व वन विभाग को नशीले पदार्थों की खेती नहीं हो, इसके लिए प्रभावी कदम उठाने का निर्देश दिया.

## एसडीओ ने जनता दरबार में सुनी लोगों की फरियाद

**पलामू :** पलामू डीसी शशि रंजन के निर्देश पर बुधवार को समाहरणालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया. सदर एसडीओ सुलोचना मीणा ने जनता दरबार में आए लोगों की समस्याएं सुनीं. समस्याओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों को संबंधित पदाधिकारियों को हस्तानांतरित करते हुए जल्द समाधान का निर्देश दिया. जनता दरबार में जमीन विवाद, जमीन की अवैध रजिस्ट्री करवाकर भवन निर्माण कराने, एग्रीमेंट द्वारा खरीदगी जमीन पर कब्जा जमाने, जमीन की ऑनलाइन रसीद कटवाने आदि से संबंधित शिकायत लेकर लोग पहुंचे थे. ओम प्रकाश प्रसाद वैगरह ने शहर के बड़ा तालाब का गहरीकरण कार्य कराने का मामला उठया. मो. तसलीम अंसारी ने दादिख खारिज संबंधी आदेश पारित कराने की मांग की. वहीं, सेवानिवृत्त शिक्षकों ने प्रवरण वेतनमान दिलाने का अनुरोध किया.

## निजी विद्यालय की गायब हुईं नाबालिग छात्राओं का रेस्क्यू, एक युवक गिरफ्तार

**दुमका :** जिला में नगर थाना क्षेत्र स्थित निजी विद्यालय की कक्षा छह में पढ़ने वाली दो नाबालिग छात्राएं दो दिन पूर्व सोमवार की दोपहर छुट्टी होने के बाद गायब हो गई थीं. सीसीटीवी फुटेज से पता चला था कि वह दोनों दो लड़कों के साथ में गई हैं.

दुमका पुलिस ने इस मामले को काफी गंभीरता से लिया और कई टीम बनाकर छानबीन शुरू की. काफी मशक्कत के बाद पुलिस दोनों छात्राओं को बिहार के बेतिया से मुक्त कर दुमका ले आई है.

इस मामले में साहिब सिंह नामक एक युवक को गिरफ्तार किया है. साहिब सिंह के खिलाफ परिजनों ने यह आरोप लगाया था कि उसी के द्वारा बच्चियों को साथ ले जाया गया है. साहिब सिंह उसी स्कूल से पास जहां दोनों बच्चियां पढ़ती हैं, भवन निर्माण कार्य में राजमिस्त्री का काम करता है. इस मामले में शामिल एक अन्य युवक की तलाश की जा रही है. गुरुवार को दुमका एसपी के द्वारा इस मामले से जुड़ी सारी जानकारी दी जाएगी.

भागलपुर-पटना होते हुए पहुंचीं बेतिया

दुमका नगर थाना प्रभारी नंद किशोर प्रसाद ने बताया कि इस मामले का आरोपी साहिब सिंह अपने एक मित्र के साथ दोनों छात्राओं को लेकर गया था. इन युवकों के साथ दोनों छात्रा पहले दुमका से भागलपुर गईं और फिर वहां से ट्रेन से पटना पहुंचीं. बाद में सड़क मार्ग के द्वारा वह बेतिया पहुंची थीं. थाना प्रभारी ने कहा कि इस मामले में साहिब सिंह को भी शिकंजे में लेकर दुमका लाया गया है, जहां उससे पूछताछ की जा रही है. दोनों छात्राओं का गुरुवार को कोर्ट में बयान दर्ज कराया जाएगा.

छुट्टी होने के बाद निकल गई थी दोनों

दरअसल, नगर थाना क्षेत्र के निजी विद्यालय में कक्षा छह में पढ़ने वाली दो छात्राएं सोमवार की दोपहर छुट्टी होने के बाद गायब हो गई थीं. घरवालों ने स्कूल में निर्माण कार्य में लगे मिस्त्री साहिब सिंह पर दोनों को बहला फुसलाकर बाहर ले जाने का आरोप लगाया था. परिजनों से सूचना मिलने के बाद नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची थी और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर छानबीन शुरू कर दी थी जिसके बाद यह सफलता मिली है.

# जमीनी विवाद में व्यवसायी संजीव साह की पड़ोसी ने करवाई थी हत्या : एसपी

### 36 घंटे के अंदर पुलिस ने मामले का उद्भेदन करते हुए घटना में शामिल तीन अपराधियों को दबोचने में किया सफलता हासिल

### हत्या के लिए एक लाख रुपए की दी गई थी सुपारी



मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला के नगर थाना क्षेत्र बीते दिनों व्यवसाय संजीव साह हत्याकांड का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। पुलिस ने घटना के 36 घंटे की भीतर मामले का उद्भेदन करते हुए। जिसमें तीन अपराधियों को रंगे हाथ दबोचते हुए उसके पास से 42 जिंदा कारतूस के साथ-साथ घटना में प्रयुक्त किए गए एक पिस्तौल और एक देसी कट्टा को भी बरामद कर लिया है। अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एसपी अमित कुमार सिंह ने बताया कि 4 मई 2025 की देर शाम को नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कॉलेज रोड चैती दुर्गा के समीप जीएस इलेक्ट्रॉनिक्स के मलिक संजीव कुमार गुप्ता उर्फ गुड्डू को उनके दुकान में घुसकर दो अज्ञात गोली मार दी थी।जिसका सदर अस्पताल साहिबगंज में इलाज के क्रम में मौत हो गई थी। यह हत्या जमीनी विवाद में करवाई गई थी। घटना को लेकर नगर थाना में कांड संख्या अंकित की गई थी। मामले का उद्भेदन और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए बरहरवा एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल की अगुवाई में एक एसआईटी टीम गठित की गई थी। टीम ने गुप्त सूचना और तकनीकी सहयोग से घटना में शामिल तीन अपराधियों मनीष कुमार मंडल, कुश कुमार मंडल एवं विनोद कुमार तांती को रिवर थाना क्षेत्र अंतर्गत गदाई दियारा से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। गिरफ्तार अपराधियों के पास से घटना में प्रयुक्त किए गए देसी पिस्तौल और जिंदा कारतूस व हत्या हत्या के लिए दिए गए सुपारी के रूप में लिए गए 6 हजार रुपए को भी बरामद किया। दबोचे गए अपराधियों की निशानदेही पर अभियुक्त मनीष कुमार मंडल के द्वारा घटना के समय पहने गए कपड़ों को भी बरामद किया गया। एचडी ने बताया कि दबोचा गए अभियुक्त जिरवाबाडी थाना क्षेत्र के प्रेम नगर छोटा लोहंडा क्षेत्र का है। सभी का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है। जो पूर्व में भी कई अपराधी घटनाओं को अंजाम देने की आप में जेल जा चुका है। बताया कि मामले का मास्टरमाइंड मृतक के घर के ठीक बगल का पंकज मंडल है। जिनसे मृतक का जमीनी विवाद चल रहा था। उसने ही व्यवसाय संजीव साह की हत्या करने के लिए अपराधियों को एक लख रुपए की सुपारी दी थी। मामले में कुल सात लोग शामिल थे। जिनमें से तीन की गिरफ्तारी किया चुकी है शेष बचे चार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस उनके संभावित स्थानों पर जोरदार छापामारी कर रही है। आप हमारी टीम में डीएसपी मुख्यालय विजय कुशवाहा, प्रशिक्षु डीएसपी रूपक कुमार, पुलिस निरीक्षक राजीव रंजन, पुलिस निरीक्षक नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, जीरवाबाडी थाना प्रभारी शशि सिंह, रीवर थाना प्रभारी लव कुमार, बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार, बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार, अवर पुलिस निरीक्षक अनीश कुमार पांडे, प्रदीप कुमार महतो, प्रवीण कुमार प्रभाकर, मुरली मनोहर सिंह, विक्रम कुमार समेत अन्य पुलिस बल शामिल थे।

# झामुमो नौ मई को जिला मुख्यालय में करेगा विशाल धरना-प्रदर्शन :अरुण सिंह



मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज/बोरियो :** जिले के बोरियो प्रखण्ड स्थित मोरंग नदी के समीप जिला झामुमो कमेटी की एक बैठक सम्पन्न हुई।जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने की।बैठक का संचालन जिला सचिव सुरेश टुडू ने किया।बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा बिना सरना धर्म कोड आदिवासी धर्म कोड लागू किये बिना जातिगत जनगणना किये जाने के विरोध में आगामी नौ मई दिन शुक्रवार को जिला मुख्यालय में होने जा रहे विशाल धरना प्रदर्शन के सफल आयोजन को लेकर चर्चा हुई।बैठक को संबोधित करते हुए बोरियो विधायक सह केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य धनंजय सोरेन ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा यह कतई बर्दाश्त नही करेगी कि राज्य में बिना सरना धर्म कोड आदिवासी धर्म कोड के जातिगत जनगणना हो। झारखंड मुक्ति मोर्चा पूरे राज्य में कड़ा विरोध करेगी।और ये हमारा अधिकार है।वही झामुमो जिलाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने कहा कि विगत दिनों भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा पुरे देश मे जातिगत जनगणना करवाने का निर्णय लिया गया है,जिसकी मांग हमारी पार्टी वर्षो से करती आ रही थी।परंतु हमारे राज्य के लोकप्रिय युवा मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की सरकार द्वारा सरना कोड आदिवासी धर्म कोड विधेयक को झारखंड विधानसभा से पारित कर राज्यपाल के माध्यम से केंद्र के पास अनुमोदन के लिए भेजा गया था। परंतु आज 5 वर्षो के उपरांत भी उक्त विधेयक पर केंद्र सरकार द्वारा कोई निर्णय नही लिया गया जो कि भाजपा की आदिवासी विरोधी मानसिकता को दर्शार्ता है। इसलिए सरना धर्म कोड/आदिवासी धर्म कोड को लागू किये बिना झारखंड मुक्ति मोर्चा राज्य में जातिगत जनगणना नही होने देगी।इसके विरोध में झामुमो कार्यकर्ता आगामी 9 मई दिन शुक्रवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर कड़ा विरोध दर्ज करेगा और भाजपा के आदिवासी विरोधी मानसिकता को उजागर करने का काम करेगी।वही जिला उपाध्यक्ष संजीव शामु हेम्ब्रम ने कहा कि झामुमो आदिवासियों के हक अधिकार की लड़ाई वर्षों से लड़ती आ रही है।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार आदिवासीयों के हक की लड़ाई लड़ते हुए अपने कार्यकाल में झारखंड विधानसभा से आदिवासी धर्म कोड/सरना धर्म कोड विधेयक को पास कर केंद्र के पास अनुमोदन के लिए भेजने का काम किया,परंतु आज तक आदिवासी को अलग धर्म कोड नही दिया गया।यह भाजपा के चाल व चरित्र को दशार्ता है।भाजपा मुँह में राम बगल में छुरी वाली राजनीति करने का काम कर रही लेकिन झामुमो इस अन्याय को बर्दाश्त नही करेगी।जब तक आदिवासी धर्म कोड लागू नही होता है।तब तक राज्य में जातिगत जनगणना नही होने दी जाएगी.इसके लिए जिले के सभी प्रखंडों से सैकड़ो की संख्या में लोग पहुचेंगे और अपना विरोध दर्ज कराएंगे.बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष मोनिका किस्क,झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य संजय कुमार मिश्रा,शाहजहां अंसारी,अमरनाथ यादव राजाराम मरांडी,मुजीबुर रहमान,अखलाकुर रहमान सुरेंद्र यादव,विधायक प्रतिनिधि राजमहल मो मारूफ उर्फ गुड्डु,पूर्व केंद्रीय समिति सदस्य नजरुल इस्लाम समेत जिले के सभी प्रखण्ड के अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष व नगर के अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष व पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## साहिबगंज में आपदा प्रबंधन के लिए 12 कोषांगों का गठन



### सुरक्षा व राहत व्यवस्था को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** भारत सरकार गृह मंत्रालय से प्राप्त निदेर्शों के आलोक में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी हेमंत सती की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा आपदा की स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। यह निर्णय लिया गया कि किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए जिला स्तर पर कुल 12 विशेष कोषांगों का गठन किया गया है । ये कोषांग विभिन्न सेवाओं को समर्पित होंगे, जिनमें मुख्य रूप से मुख्यालय सेवा वार्डन सेवा संचार सेवा , हताहत सेवा , अग्निशमन सेवा ,बचाव सेवा, कल्याण सेवा, मलबा हटाने की सेवा ,शव निस्तारण सेवा, डिपो एवं परिवहन सेवा , प्रशिक्षण सेवा तथा आपूर्ति सेवा शामिल हैं।उपायुक्त ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक कोषांग में कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए तथा सभी संबंधित विभाग समन्वय स्थापित करते हुए समय-समय पर अभ्यास एवं समीक्षा करें। इस पहल का उद्देश्य किसी भी आपदा की स्थिति में त्वरित, समन्वित एवं प्रभावी कार्रवाई को सुनिश्चित करना है।

## आरपीएफ पोस्ट में लगी कैंप अदालत, कई मामले का हुआ निबटारा

**लातेहार :** रेलवे न्यायालय के मजिस्ट्रेट प्रेजश निगम के निर्देश पर बुधवार को बरवाडीह आरपीएफ पोस्ट में विशेष कैंप अदालत लगी. अदालत में लंबित मामलों का निबटारा करने के साथ-साथ रेलवे एक्ट से जुड़े मामलों की सुनवाई की गई. आरपीएफ इंस्पेक्टर राकेश रंजन के निर्देश पर ट्रेनों में चेन पुलिंग करने, दिव्यांग बोगी और महिला बोगी में अवैध रूप से यात्रा करने वाले कुल 18 लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जुमार्ना वसूला गया.

आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर आरके मिंज ने बताया कि कैंप अदालत में रेलवे एक्ट के तहत 2700 जुर्मना वसूल किया गया. मौके पर पेश्कार अरुण केरकेट्टा, हिमाचल राय, सुशील कुमार सिंह, रंजीत कुमार सिंह, पवन कुमार यादव समेत अन्य सुरक्षा कर्मी मौजूद थे.

## महिला थाना प्रभारी ने छात्राओं को दी कानून की जानकारी

**लातेहार :** सरस्वती विद्या मंदिर, लातेहार की कक्षा दसवीं की छात्राओं ने बुधवार को महिला थाना का भ्रमण किया. सरस्वती यात्रा कार्यक्रम के तहत बालिका शिक्षा विभाग द्वारा छात्राओं को थाना का भ्रमण कराया गया. प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने बताया कि कक्षा दशम के 22 छात्राओं को महिला थाने में वहां के कामकाज से अवगत कराया गया. महिला थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े? ने छात्राओं को कानून सहित प्रक्रयाओं की जानकारी दी और उनका हौसला बढ़ाया. उन्होंने कहा कि जरूरत होने पर छात्राएं अपनी सुरक्षा के लिए 112 नंबर डायल कर पुलिस की सहायता प्राप्त कर सकती हैं. उन्होंने एफआईआर दर्ज करने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि ऑनलाइन माध्यम से कहीं से भी एफआईआर दर्ज कराई जा सकती हैं. ईमेल के माध्यम से या फिर थाना आकर लिखित आवेदन देकर एफआईआर दर्ज करा सकती हैं.

# आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए तैयार करना था : उपायुक्त

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** नागरिक सुरक्षा को लेकर मॉक ड्रिल सम्पन्न, रेलवे स्टेशन कॉलेज और बंदरगाह क्षेत्र में दिखी सक्रियता अपराह्न 4:00 बजे से शाम 8:00 बजे तक साहिबगंज रेलवे स्टेशन साहिबगंज महाविद्यालय और बंदरगाह क्षेत्र में एक व्यापक नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह अभ्यास गृह मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश पर किया गया। जिसमें झारखंड के पाँच जिलों को सम्मिलित किया गया था। जिनमें साहिबगंज प्रमुख था।अभ्यास का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को आपातकालीन स्थितियों जैसे हवाई हमले या प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए तैयार करना था।

मॉक ड्रिल के दृश्य

हवाई हमले की चेतावनी के रूप में तेज सायरन बजाए गए, जिसके बाद बमबारी जैसी ध्वनि उत्पन्न कर माहौल को वास्तविकता के करीब लाया गया। इस दौरान नागरिकों, छात्रों और सुरक्षाबलों ने अद्भुत सक्रियता दिखाई। लोग तेजी से आश्रय स्थलों की ओर भागे, घायल होने की एक्टिंग की गई और सुरक्षाबलों ने रेस्क्यू ऑपरेशन का प्रदर्शन किया।



सुरक्षा एजेंसियों की भूमिका

एनसीसी, एन एस एस, होमगार्ड, आपदा मित्र वॉलंटियर्स, फायर ब्रिगेड, स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय प्रशासन ने पूर्ण समन्वय के साथ रेस्क्यू व निकासी अभियान को अंजाम दिया। फायर ब्रिगेड ने आगजनी के हालात का जवाब दिया और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुँचाया गया।

अभ्यास के प्रमुख बिंदु

हवाई हमले की चेतावनी और ब्लैकआउट अभ्यास

आत्म-सुरक्षा का प्रशिक्षण और गो-बैग की उपयोगिता महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे का छलावरण स्कूलों, कार्यालयों और नागरिकों की निकासी योजना मोबाइल संचार, अफवाहों से बचाव और सामूहिक सहयोग की अपील।

प्रशासन की अपील

यह मॉक ड्रिल प्रशासनिक तैयारियों का मूल्यांकन करने के साथ-साथ जन-जागरूकता बढ़ाने का भी प्रयास है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे अफवाहों से दूर रहते हुए भविष्य की सुरक्षा के लिए सतर्क रहें और इस तरह की तैयारियों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।इस अवसर पर जिला स्तर पर गठित सभी 12 कोषांग एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी अपनी सक्रिय भूमिका निभाई।संपर्क सूत्र

किसी भी आपात सूचना या जानकारी के लिए संपर्क करें शैडो कंट्रोल रूम 7903169088 संपर्क कर सकते हैं।

# बॉलीवुड सेलेब्स ने की 'ऑपरेशन सिंदूर' की तारीफ



भारतीय सेना की ओर से किए गए 'ऑपरेशन' सिंदूर ने फिल्म इंडस्ट्री के कलाकारों के मन में भी जोश भर दिया है। सभी इस कार्रवाई की जमकर तारीफ कर रहे हैं। रितेश देशमुख, अनुपम खेर, अक्षय कुमार, निमरत कौर, मधुर भंडारकर, काजल अग्रवाल, चिरंजीवी जैसे कई कलाकारों ने अपनी भावनाएं व्यक्त की हैं।

रितेश देशमुख ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया। उन्होंने 'ऑपरेशन सिन्दूर' का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, 'जय हिंद की सेना...भारत माता की जय'। उन्होंने हैशटैग #ऑपरेशनसिंदूर का भी इस्तेमाल किया। मेगास्टार चिरंजीवी ने 'ऑपरेशन सिन्दूर' का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, 'जय हिंद। तापसी पन्नू और काजल अग्रवाल ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है। मधुर भंडारकर ने 'ऑपरेशन सिंदूर' शब्दों वाला एक पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, हमारी प्रार्थनाएं भारतीय सेना के साथ हैं। हम एक राष्ट्र के रूप में एक साथ हैं। जय हिन्द, वन्दे मातरम! एक्टर अनुपम खेर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया कैप्शन में लिखा 'भारत माता की जय'। एक्ट्रेस निमरत कौर ने लिखा, हमारी सेनाओं के साथ एकजुट। एक देश। एक मिशन। #ऑपरेशनसिंदूर #जयहिंद।


एक्टर अक्षय कुमार ने 'ऑपरेशन सिंदूर' लिखा एक पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, जय हिंद, जय महाकाल। एक्टर सुनील शेट्टी ने इंस्टाग्राम पर 'ऑपरेशन सिंदूर' लिखा पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, आतंक का कोई स्थान नहीं, शून्य सहिष्णुता, सम्पूर्ण न्याय। #ऑपरेशनसिंदू।

## अल्लू अर्जुन और आमिर खान की मुलाकात ने उड़ाई चचाओं की धूल



साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन हाल ही में बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान से मिलने उनके मुंबई स्थित घर पहुंचे। इस खास मुलाकात की एक तस्वीर सामने आई है, जिसमें दोनों दिग्गज कलाकार मुस्कुराते हुए कैमरे के लिए पोज देते नजर आ रहे हैं। दोनों की मुलाकात की यह तस्वीर सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। तस्वीर सामने आते ही सोशल मीडिया पर हलचल मच गई है। फैन्स इस मुलाकात को किसी बड़े प्रोजेक्ट की तैयारी से जोड़कर देख रहे हैं। कई यूजर्स का मानना है कि अल्लू और आमिर जल्द ही किसी फिल्म या वेब सीरीज में साथ दिखाई दे सकते हैं। हालांकि फिलहाल इस मुलाकात को लेकर किसी भी तरफ से आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। काम के मोर्चे पर अगर नजर डालें तो आमिर खान जल्द ही अपनी अगली फिल्म 'सितारे जमीन पर' में दिखाई देंगे। यह बहुप्रतीक्षित फिल्म 20 जून, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म का पहला पोस्टर पहले ही सामने आ चुका है और इसे लेकर दर्शकों में उत्सुकता बनी हुई है। इस फिल्म में आमिर के साथ अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी। वहीं दूसरी ओर, अल्लू अर्जुन इन दिनों अपनी आगामी एक्शन ड्रामा फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म का निर्देशन मशहूर निर्देशक एटली कर रहे हैं और इसका निर्माण सन पिक्चर्स के बैनर तले किया जा रहा है। फिल्म को लेकर काफी चर्चा है और माना जा रहा है कि यह अल्लू अर्जुन के करियर की एक बड़ी फिल्म साबित हो सकती है।

# बॉक्स ऑफिस पर फिल्म 'रेड 2' का शानदार प्रदर्शन जारी




इस समय बॉक्स ऑफिस पर अजय देवगन और रितेश देशमुख की फिल्म 'रेड 2' की जमकर चर्चा हो रही है। एक मई को रिलीज हुई इस फिल्म को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। 'सिकंदर', 'जाट', 'केसरी चैप्टर 2', 'ग्राउंड जीरो' जैसी फिल्मों के मुकाबले फिल्म 'रेड 2' बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। ऐसा लग रहा है कि यह फिल्म जल्द ही 100 करोड़ क्लब में शामिल हो जाएगी। 2018 में रिलीज हुई फिल्म 'रेड' को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। इस फिल्म में अजय देवगन और सौरभ शुक्ला के बीच संवाद दर्शकों को काफी पसंद आया। इसके बाद से ही दर्शक फिल्म 'रेड' के सीक्वल का इंतजार कर रहे थे। अंततः फिल्म 'रेड 2' एक मई को रिलीज हुई। फिल्म रिलीज के साथ ही बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, 'रेड 2' ने रिलीज के छठे दिन 6.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इस फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 85.50 करोड़ रुपये हो गया है। 'रेड 2' ने 19.25 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरूआत की थी। दूसरे दिन फिल्म ने 12 करोड़ रुपये और तीसरे दिन 18 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही। चौथे दिन इस फिल्म ने 22 करोड़ रुपये और पांचवें दिन 7.5 करोड़ रुपये कमाए। फिल्म में अजय देवगन और रितेश देशमुख के अलावा वाणी कूपर, रजत कपूर, सौरभ शुक्ला, सुप्रिया पाठक और अमित सियाला भी अहम भूमिकाओं में हैं।

## मेट गाला 2025 में प्रियंका चोपड़ा ने सबके सामने निक जोनस को किया किस



दुनियाभर में 'मेट गाला 2025' की चर्चा जोरों पर है। यह प्रतिष्ठित फैशन इवेंट हर साल ग्लैमर और स्टाइल का जलवा बिखेरता है और इस बार भी कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिल रहा है। खास बात यह रही कि इस बार शाहरुख खान, दिलजीत दोसांझ और कियारा आडवाणी ने पहली बार इस अंतरराष्ट्रीय इवेंट में शिरकत की, जिससे बॉलीवुड की मौजूदगी और भी खास बन गई। वहीं, प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस की जोड़ी ने रेड कार्पेट पर अपने बेहद रोमांटिक अंदाज से सबका ध्यान खींचा। 'मेट गाला 2025' में प्रियंका चोपड़ा और निक जोनास की एंट्री ने सोशल मीडिया पर धमाल मचा दिया है। दोनों का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वे इवेंट में साथ एंट्री करते नजर आ रहे हैं। प्रियंका और निक ने इस बार क्लासिक रेट्रो लुक चुना, जो ब्लैक एंड व्हाइट थीम में बेहद खूबसूरत लग रहा था। रेड कार्पेट पर पहुंचते ही दोनों ने एक-दूसरे को गले लगाया और किस किया, जिससे वहां मौजूद लोगों की निगाहें उन्हीं पर टिक गईं। प्रियंका और निक का ये रोमांटिक अंदाज फैशन के साथ-साथ प्यार की मिसाल भी बन गया है। प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस के 'मेट गाला 2025' लुक ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। इस वायरल वीडियो के बाद फैन्स कमेंट्स की झड़ी लगा रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, वाह वाह, रामजी..., तो वहीं दूसरे ने कहा, प्रियंका और निक दोनों का फैशन सुपरहिट है। एक और फैन ने लिखा, मेट गाला में दोनों का लुक बेहद आकर्षक लग रहा है। फैन्स के इस प्यार और तारीफों ने साबित कर दिया कि प्रियंका-निक की जोड़ी न सिर्फ रील, बल्कि रियल लाइफ में भी सुपरहिट है।

# 'दोस्ताना-2' में बड़ा बदलाव, कार्तिक आर्यन और जाह्नवी कपूर की जगह श्रीलीला-विक्रांत मैसी

कार्तिक आर्यन और जाह्नवी कपूर को लेकर बनने जा रही फिल्म 'दोस्ताना-2' काफी समय से चर्चा में रही है। पहले दोनों सितारों ने इस फिल्म की करीब 30-35 दिनों तक शूटिंग भी की थी, लेकिन अचानक ही निमार्ता करण जौहर ने इस प्रोजेक्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया। अब खबर है कि 'दोस्ताना-2' को नए सिरे से शुरू किया जा रहा है। फिल्म को अब नए निर्देशक के साथ बिल्कुल नए कलाकारों के साथ बनाया जाएगा। जान्हवी कपूर इस बार फिल्म का हिस्सा नहीं होंगी। उनकी जगह अब साउथ की सुपरहिट फिल्म 'पुष्पा-2' की लीड एक्ट्रेस श्रीलीला को इस प्रोजेक्ट में शामिल किया गया है। श्रीलीला की इस एंट्री ने फिल्म को लेकर नई उत्सुकता पैदा कर दी है। एक करीबी सूत्र के मुताबिक 'दोस्ताना-2' की मूल कहानी बरकरार रहेगी, लेकिन इस बार फिल्म में निर्देशक और कलाकारों को बदल दिया गया है। पहले जान्हवी कपूर को मुख्य महिला भूमिका के लिए चुना गया था, लेकिन अब वो इस प्रोजेक्ट का हिस्सा नहीं हैं। अब इस किरदार के लिए निमार्ता श्रीलीला को लेकर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। करण जौहर खुद उन्हें फिल्म में लेने को लेकर काफी उत्साहित हैं। 'पुष्पा-2: द रूल' में उनके दमदार डांस नंबर के बाद से श्रीलीला एक उभरता हुआ सितारा बन चुकी हैं और करण मानते हैं कि उनकी मौजूदगी फिल्म में नई ऊर्जा ला सकती है। रोमांटिक कॉमेडी ह्यदोस्ताना-2ह्व को एक बार फिर नए सिरे से शुरू करने की तैयारी जोरों पर है। मेकर्स इस बार फिल्म के लिए एक ताजा और दमदार जोड़ी पेश करना चाहते हैं। इस सिलसिले में विक्रांत मैसी को मुख्य भूमिका के लिए गंभीरता से चुना गया है। निमार्ता ऐसे अभिनेता की तलाश में थे, जो रोमांटिक और गंभीर दोनों ही शेड्स को पर्दे पर प्रभावी ढंग से निभा सके और विक्रांत इस कसौटी पर पूरी तरह खरे उतरते हैं। बताया जा रहा है कि विक्रांत को इस फिल्म में कार्तिक आर्यन की जगह लाया गया है। करण जौहर के प्रोडक्शन हाउस धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बन रही ह्यदोस्ताना-2ह्व एक बार फिर से चर्चा में है। यह फिल्म पहले 2021 में उस वक्त रुक गई थी, जब कार्तिक आर्यन और धर्मा प्रोडक्शंस के बीच मतभेद हो गए थे। अब यह प्रोजेक्ट दोबारा पटरी पर आ चुका है। ताजा अपडेट के मुताबिक ह्यकिलह्व से पहचान बना चुके लक्ष्य लालवानी अभी भी फिल्म का हिस्सा हैं और एक अहम भूमिका निभाते नजर आएंगे। ह्यदोस्तानाह्व की पहली किस्त साल 2008 में रिलीज हुई थी, जिसमें जॉन अब्राहम, अभिषेक बच्चन और प्रियंका चोपड़ा ने मुख्य भूमिकाएं निभाई थीं और फिल्म को दर्शकों ने खूब सराहा था।



## सऊदी प्रो लीग 2024-25: खिताबी दौड़ में पिछड़ा अल नासर, अल इत्तिहाद से हार के बाद चौथे स्थान पर फिसला

एजेंसी

**नई दिल्ली :** क्रिस्टियानो रोनाल्डो की टीम अल नासर को सऊदी प्रो लीग के एक अहम मुकाबले में अल इत्तिहाद के खिलाफ 2-3 की हार का सामना करना पड़ा। अल-अव्वल पार्क में खेले गए इस मुकाबले में अल नासर ने दो गोल की बढ़त बना ली थी, लेकिन दूसरे हाफ में टीम ने वह बढ़त गंवा दी। रोनाल्डो इस मैच में गोल करने में नाकाम रहे।

### तीसरे मिनट में सादियो माने ने दिलाई बढ़त

अल नासर की शुरूआत जबरदस्त रही और तीसरे मिनट में ही सादियो माने ने गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। यह मौका उन्हें इत्तिहाद के डिफेंडर अब्दुलएलाह अल-अमारी की गलती से मिला, जिनकी बैक पास किक माने के पास पहुंच गई। माने ने गेंद को कंट्रोल करने के बाद गोलकीपर प्रेड्रैग राजकोविच को छकाते हुए गेंद को नेट में डाल दिया।

### पहले हाफ में 2-0 की मजबूत स्थिति में थी अल नासर

पहले हाफ के खत्म होने से पहले अल नासर ने अपनी बढ़त दोगुनी कर ली। इस बार माने ने असिस्ट किया और अयमन यहया ने बिना समय गंवाए गेंद को नेट में पहुंचाया। पहले हाफ के बाद ऐसा लग रहा था कि अल नासर



आसानी से मुकाबला जीत लेगी।

### बेंजेमा-कांते ने किया पलटवार, औआर ने दिलाई जीत

दूसरे हाफ की शुरूआत में ही अल इत्तिहाद ने आक्रामक रुख अपनाया और पांच मिनट के अंदर वापसी के संकेत दे दिए। रोनाल्डो के पुराने साथी करीम बेंजेमा ने हेडर के जरिए गेंद को आगे बढ़ाया और इसके तीन मिनट बाद ही एनह्लगोलो कांते ने कट बैक पास पर शानदार गोल कर स्कोर 2-2 कर दिया। निर्णायक गोल हौस्सेम औआर के नाम रहा, जिनका पहला शॉट अल नासर के गोलकीपर बेंटो ने रोक लिया था, लेकिन रिबाउंड पर गेंद इत्तिहाद के खिलाड़ी से टकराकर नेट में चली गई।

### प्वाइंट टेबल में बड़ा असर, इत्तिहाद शीर्ष पर मजबूत

इस हार के साथ अल नासर अब अंक तालिका में चौथे स्थान पर खिसक गया है और अब वह शीर्ष पर मौजूद अल इत्तिहाद से 11 अंक पीछे है। वहीं इत्तिहाद ने इस जीत से अपने शीर्ष स्थान को और मजबूत कर लिया है।

# अपने आईपीएल भविष्य पर बोले एमएस धोनी- 'अभी मेरे लिए कोई फैसला लेने का समय नहीं'

एजेंसी

**कोलकाता :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) धोनी का आखिरी सीजन होगा या नहीं, इसका फैसला खुद माही ने भी अभी नहीं किया है। 43 वर्षीय धोनी ने कहा कि वो हर साल सिर्फ दो महीने ही खेलते हैं और हर सीजन के बाद उन्हें यह तय करने के लिए 6-8 महीने मेहनत करनी होती है कि उनका शरीर अगले सीजन का दबाव झेल पाएगा या नहीं। आईपीएल से बाहर, लेकिन सीएसके के लिए दिल से खेल रहे हैं धोनी कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ रोमांचक जीत के बाद धोनी ने कहा, ₹अभी मेरे लिए



कोई फैसला लेने का समय नहीं है, लेकिन जहां भी जाता हूं वहां मुझे प्यार और अपनापन महसूस होता है।₹ धोनी इस सीजन कम फिजिकल योगदान दे रहे हैं, सीएसके कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने भी माना कि धोनी के घुटने उन्हें लंबे समय तक बल्लेबाजी करने की इजाजत नहीं देते। बुधवार को 180 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए धोनी 13वें ओवर में बल्लेबाजी के लिए आए। उन्होंने शिवम दुबे के साथ मिलकर मैच को आखिरी ओवर तक पहुंचाया और आंद्रे रसेल की गेंद पर एक अहम छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई।

इस मैच में दो युवा सितारे चर्चा में रहे झ उर्विल पटेल और डेवाल्ड ब्रेविस। आईपीएल डेब्यू कर रहे उर्विल ने शुरूआत से ही आक्रामक तेवर दिखाए और मात्र 11 गेंदों में 31 रन ठोक दिए, जिसमें चार छक्के शामिल थे। वहीं ब्रेविस ने 22 गेंदों में फिफ्टी जड़ दी, जिसमें वैभव अरोड़ा के एक ओवर में 6,4,4,6,6,4 जैसे शॉट्स भी शामिल थे। प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी सीएसके की टीम अब बाकी बचे मैचों का इस्तेमाल युवा खिलाड़ियों को आजमाने के लिए कर रही है। धोनी ने कहा, ह्लनेट्स या प्रैक्टिस गेम से ज्यादा जरूरी होता है असली मैच। हम देखना चाहते हैं कि दबाव में खिलाड़ी का रवैया कैसा होता है, वो मानसिक तौर पर कितना मजबूत है। तकनीक से ज्यादा मायने रखता है गेम अवेयरनेस। धोनी ने यह भी कहा, ₹कौन सा गेंदबाज क्या सोच रहा है, किस फील्ड सेटअप के अनुसार कौन सी गेंद डालेगा, या फिर वो 'ब्लफ बॉल' क्या होगी झ यही सब बातें असली बल्लेबाज को खास बनाती हैं।

## रोहित शर्मा के शानदार टेस्ट करियर पर बीसीसीआई ने दी बधाई, बताया भारतीय क्रिकेट का प्रेरणास्त्रोत

**नई दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने पर उन्हें बुधवार को भावभीनी शुभकामनाएं दी हैं। बोर्ड ने उनके योगदान को 'प्रेरणादायक और शानदार' बताते हुए उनके उज्ज्वल करियर की सराहना की है। रोहित अब टेस्ट और टी20 फॉर्मेट को अलविदा कह चुके हैं, हालांकि वह भारत की वनडे टीम का हिस्सा बने रहेंगे। रोहित ने बुधवार रात सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट कर टेस्ट क्रिकेट से तत्काल प्रभाव से संन्यास की घोषणा की। 2013 में किया डेब्यू, 2025 तक रहा टेस्ट क्रिकेट में शानदार सफररोहित शर्मा ने 2013 में टेस्ट क्रिकेट में कदम रखा और भारत के 35वें टेस्ट कप्तान के रूप में जिम्मेदारी संभाली। अपने 67 टेस्ट मुकाबलों में उन्होंने 40.57 की औसत से 4,301 रन बनाए, जिसमें 12 शतक और 212 रनों की सर्वश्रेष्ठ पारी शामिल है। आंकड़ों से परे, उन्होंने भारतीय क्रिकेट को धैर्य, नेतृत्व और समर्पण की एक मजबूत विरासत सौंपी है। एक समय मिडल ऑर्डर बल्लेबाज रहे रोहित शर्मा ने खुद को टेस्ट क्रिकेट के सबसे सफल ओपनरों में शामिल किया। उन्होंने तकनीकी मजबूती और आक्रामकता के संतुलन के साथ टीम को मजबूत शुरूआत देने का काम किया। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट को पूरी गंभीरता और ज़िम्मेदारी से खेला। रोहित ने 24 टेस्ट में टीम की कप्तानी की, जिनमें से 12 में भारत को जीत मिली। उन्होंने संक्रमणकालीन दौर और चोटों से जूझती टीम को मजबूती से संभाला।

# चैम्पियंस लीग: पीएसजी ने आर्सेनल को हराकर फाइनल में बनाई जगह, रुइज और हकीमी रहे हीरो

एजेंसी

**पेरिस :** फैबियन रुइज और अचरफ हकीमी के गोलों की मदद से पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने बुधवार देर रात को आर्सेनल को सेमीफाइनल के दूसरे चरण में 2-1 से हराकर कुल 3-1 के अंतर से चैम्पियंस लीग 2024-25 के फाइनल में प्रवेश कर लिया। यह क्लब के इतिहास में दूसरी बार फाइनल में पहुंचना है।

पहले चरण में 1-0 से बढ़त



हासिल कर चुकी पीएसजी ने अपने घरेलू मैदान ह्यपार्क डेस प्रिंसह्व में शानदार प्रदर्शन किया। 27वें मिनट में फैबियन रुइज ने बॉक्स के बाहर से जोरदार शॉट मारकर पहला गोल किया। इसके बाद दूसरे हाफ में अचरफ हकीमी ने 72वें मिनट में दूसरा गोल दागकर मुकाबले को लगभग खत्म कर दिया। आर्सेनल के लिए बुकायो साका ने 76वें मिनट में एक गोल कर वापसी की उम्मीद जगाई, लेकिन इसके बाद एक ओपन गोल मिस कर बैठे। इससे पहले गोलकीपर डोनारुम्मा ने कई शानदार बचाव कर आर्सेनल को शुरूआती बढ़त लेने से रोका।

64वें मिनट में पीएसजी को एक विवादित पेनल्टी मिली, जब हकीमी के शॉट पर गेंद आर्सेनल के लुईस-स्केली के हाथ से छू गई। हालांकि, विटिन्हा इस मौके को गोल में नहीं बदल सके और डेविड राया ने शानदार बचाव किया। अब पीएसजी का मुकाबला 31 मई (1 जून, भारतीय समय अनुसार) को म्यूनिख में इंटर मिलान से होगा। इससे पहले पीएसजी 2020 में फाइनल में पहुंचा था, जहां उसे बायर्न म्यूनिख से हार मिली थी।

### आर्सेनल का टूटा सपना

आर्सेनल की यह दूसरी फाइनल में पहुंचने की कोशिश थी, जो 19 साल बाद संभव हो सकती थी। लेकिन एक बार फिर यूरोपीय खिताब की तलाश अधूरी रह गई। अब मिकेल आर्टेटा की टीम प्रीमियर लीग में लगातार तीसरी बार उपविजेता बनने के लक्ष्य पर ध्यान देगी।

# पाकिस्तान नहीं आ रहा बाज, कुपवाड़ा, बारामूला, उरी और अखनूर में नियंत्रण रेखा पर सीमा पार से की गोलाबारी

एजेंसी



**श्रीनगर :** भारत के पहलगाम आतंकी हमला का बदला लेने के बाद पाकिस्तान दुनिया के सामने गिड़गिड़ा जरूर रहा है पर उसकी फौज जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर गोलीबारी और गोलाबारी करने से बाज नहीं आ रही। पाकिस्तान की फौज ने आज तड़के से कुछ पहले कुपवाड़ा, बारामूला, उरी और अखनूर इलाकों में नियंत्रण रेखा पर सीमा पार से गोलाबारी की। इससे एक दिन पहले भारतीय सशस्त्र बल 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पड़ोसी मुल्क के मजबूत आतंकी ढांचों को तहस-नहर कर चुका है। सैन्य अधिकारियों के अनुसार, 07-98 मई की रात को पाकिस्तानी सेना की चौकियों ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामूला, उरी और अखनूर इलाकों में नियंत्रण रेखा के पार छोटे हथियारों और तोपों से बिना उकसावे के गोलीबारी की। भारतीय सेना ने इसका उचित जवाब दिया है। जम्मू-कश्मीर के अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान ने आधी रात बाद गोले और मोर्टार दागकर करनाह इलाके में नागरिक इलाकों को निशाना बनाया। भारतीय सशस्त्र बलों ने बिना उकसावे के की गई इस कार्रवाई का प्रभावी ढंग से जवाब दिया। अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान सेना के गोलाबारी शुरू करने के बाद बुधवार को करनाह में अधिकांश नागरिक सुरक्षित ठिकानों में चले गए हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद सुरक्षा कारणों से बुधवार को जम्मू और कश्मीर संभाग के कई जिलों में शिक्षण संस्थान बंद रहे। कुछ में परीक्षाएं भी स्थगित कर दी गईं। पूरे कश्मीर में केंद्रीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए। जिला मजिस्ट्रेट ने कहा, मौजूदा स्थिति को देखते हुए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण श्रीनगर की समग्र निगरानी में जिला आपातकालीन संचालन केंद्र , श्रीनगर के उपायुक्त कार्यालय में एक संयुक्त नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। कश्मीर के 10 जिलों में इसी तरह के नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं। जम्मू संभाग में सीमा से लगे पांच जिलों में बुधवार को जम्मू, सांबा, कठुआ, पुंछ, राजोरी जिलों में स्कूल-कॉलेज बंद रहे। इनमें निजी स्कूल भी शामिल रहे। जम्मू विश्वविद्यालय ने प्रस्तावित सभी परीक्षाएं स्थगित दी हैं। इसके अलावा क्लस्टर विश्वविद्यालय, आईआईएम, आईआईटी जम्मू में भी शैक्षणिक गतिविधियां नहीं हुईं। कश्मीर संभाग में श्रीनगर हवाई अड्डे के आसपास, बारामूला, कुपवाड़ा, गुरेज सहित कई जिलों में शैक्षणिक संस्थान बंद रहे। इन जिलों में भी परीक्षा स्थगित कर दी गईं। कश्मीर विश्वविद्यालय की अधिसूचना में 10 मई तक सभी परीक्षाएं स्थगित करने की घोषणा की गई है।

# मुख्यमंत्री योगी ने 494 सहायक अध्यापक व 49 प्रवक्ताओं को बांटा नियुक्ति पत्र

एजेंसी



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरूवार को लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में 494 सहायक अध्यापक व 49 प्रवक्ताओं को नियुक्ति पत्र बांटा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मिशन रोजगार के तहत हम आगे बढ़ रहे हैं। बिना भेदभाव के युवाओं को रोजगार मिल रहा है। योगी ने सहायक अध्यापकों से कहा कि जिस निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से चयन हुआ है शासन भी आपसे माध्यमिक शिक्षा के स्तर को बढ़ाने में अपेक्षा रखता है। जब व्यक्ति नौकरी नहीं पाता तब तक अनेक उलाहना देता है लेकिन जैसे ही नौकरी पाता है अपने कर्तव्यों से विरत होने का कार्य करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 ये पहले माध्यमिक शिक्षा नकल के लिए बदनाम हो गयी थी। बेसिक शिक्षा बदनाम हो गयी थी। आज नवाचार को अपनाया गया। आपरेशन कायाकल्प के माध्यम से बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में आमूलचूल परिवर्तन किया गया। पहले पहचान के संकट से उत्तर प्रदेश के युवाओं को गुजरना पड़ा था। नौजवान अपनी पहचान का मोहताज नहीं है। हर क्षेत्र में कुछ न कुछ नया हुआ है। जो परिवर्तन हो रहा है वह सबको दिख रहा है।

आज दुनिया बदल चुकी है हमें इसके साथ अपने को लेकर चलना होगा। आज की आवश्यकता के अनुरूप युवाओं को तैयार करना होगा। वर्तमान के अभियान में हम अगर चूके तो आगे नहीं बढ़ पायेंगे। उत्तर प्रदेश अब भारत का ग्रोथ इंजन बना है।

आपरेशन सिंदूर पर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकसित भारत का रूप कल आपने देखा। भारत किसी को छेड़ता नहीं लेकिन अगर किसी ने सेंध लगाई तो भारत उसकी मांद में घुसकर मारता है। इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी,वित्त मंत्री सुरेश खन्ना प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## मध्य प्रदेश के 22 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट, कुछ जिलों में ओले गिरने की संभावना

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में बीते कुछ दिनों से हो रही बारिश की वजह से मौसम सुहाना हो गया है। पूरे प्रदेश में ओले, बारिश और आंधी का दौर चल रहा है। जिससे तापमान में गिरावट आयी है। आने वाले कुछ दिनों तक इसी तरह तापमान में गिरावट की संभावना है। मौसम विभाग ने आज गुरुवार को भी अधिकांश जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। पश्चिमी हिस्से यानी, इंदौर संभाग के 6 जिलों में ओले भी गिर सकते हैं। इनमें खंडवा, खरगोन, बड़वानी, धार, अलीराजपुर और झाबुआ शामिल हैं। मौसम विभाग के अनुसार, मध्य प्रदेश के ऊपर दो साइक्लोनिक सकुर्लेशन (चक्रवात), एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) और एक टर्फ एक्टिव है। इस वजह से मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। गुरुवार को भी कई जिलों के लिए अलर्ट जारी किया है। ऐसा ही मौसम 11 मई तक बना रहेगा। आज भोपाल, इंदौर, जबलपुर समेत 22 जिलों में बारिश और तेज आंधी का अलर्ट है। इनमें श्योपुर, मुरैना, भिंड, नीमच, मंदसौर, रतलाम, आगर-मालवा, उज्जैन, देवास, शाजापुर, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, अनूपपुर, शहडोल, सिंगरौली भी शामिल है। इससे पहले भी मौसम का मिजाज बदला रहा। बुधवार को कई जिलों में बारिश हुई और आंधी चली। जिससे दिन के तापमान में भी गिरावट हुई है। इंदौर में पारे में 3.8 डिग्री की गिरावट के बाद 28.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इंदौर पचमढ़ी से भी ठंडा रहा। पचमढ़ी में तापमान 29.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो प्रदेश में सबसे कम रहा।

## उत्तराखंड में छह तीर्थयात्रियों को गंगोत्री धाम ले जा रहा हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, मुख्यमंत्री ने हादसे पर दुख जताया

एजेंसी



**उत्तरकाशी :** उत्तराखंड में आज सवेरे लगभग 8:45 बजे एक हेलीकॉप्टर गंगनानी के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें छह तीर्थयात्री और पायलट समेत सात लोग हैं। हेलीकॉप्टर तीर्थयात्रियों को लेकर गंगोत्री धाम जा रहा था। जिला आपदा प्रबंधन की टीम मौके पर पहुंची चुकी है। रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है। रेस्क्यू ऑपरेशन में पुलिस, फोर्स, आपदा प्रबंधन क्यूआरटी, टीम 108 एंबुलेंस वाहन, तहसीलदार भटवाड़ी, बीडीओ भटवाड़ी, राजस्व टीम शामिल है। एसडीआरएफ की टीम भी पहुंच चुकी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हेलीकॉप्टर हादसे में कुछ लोगों के हताहत होने का अत्यंत दु:खद समाचार प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्माओं को श्रीचरणों में स्थान एवं शोकाकुल परिजनों को यह असीम दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। उन्होंने कहा कि हादसे की जांच के निर्देश दिए गए हैं। यह हेलीकॉप्टर एयरोट्रांस सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड का है। इसकी रजिस्ट्रेशन संख्या वीटी-ओएक्सएफ है। हेलीकॉप्टर सहस्त्रधारा हेलीपैड, देहरादून से खरसाली हेलीपैड के लिए उड़ान पर था। हेलीकॉप्टर के पायलट कैप्टन रॉबिन सिंह थे। हेलीकॉप्टर में कुल सात व्यक्ति सवार थे। इनमें एक पायलट और छह यात्री शामिल हैं।

### ब्रिटेन और सिंगापुर ने जारी की नई ट्रैवल एडवाइजरी,

## नागरिकों को जम्मू-कश्मीर और सीमा क्षेत्रों से दूर रहने की सलाह

एजेंसी

**लंदन/नई दिल्ली :** भारत-पाकिस्तान सीमा पर बढ़ते सैन्य तनाव को देखते हुए ब्रिटेन के विदेश कार्यालय (एफसीडीओ) ने बुधवार को अपना यात्रा परामर्श अपडेट कर दिया है। इसमें ब्रिटिश नागरिकों को भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा से 10 किलोमीटर के दायरे में किसी भी प्रकार की यात्रा से सख्त परहेज करने की सलाह दी गई है। नवीनतम परामर्श में विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर के संवेदनशील क्षेत्रों जैसे पहलगाम, गुलमर्ग, सोनमर्ग, श्रीनगर शहर, और जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग की यात्रा से भी मना किया गया है। इसके अलावा, लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) के 10 मील (लगभग 16 किलोमीटर) के भीतर किसी भी क्षेत्र में यात्रा पर पूरी तरह रोक लगाने की सिफारिश की गई है। ब्रिटिश सरकार ने यह कदम भारत द्वारा हाल ही में किए गए ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ल के बाद उठाया है, जिसमें भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए थे। इस सैन्य कार्रवाई के बाद से दोनों देशों के बीच तनाव और अधिक गहराया है। ब्रिटेन के विदेश कार्यालय ने बयान में कहा, ह्लक्षेत्र में मौजूदा सुरक्षा स्थिति अत्यधिक संवेदनशील बनी हुई है। हम अपने नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं और उन्हें अपील करते हैं कि वे अनावश्यक यात्रा से बचें। सिंगापुर ने भी जारी की ट्रैवल एडवाइजरी सिंगापुर के विदेश मंत्रालय ने अपने नागरिकों को भारत के जम्मू-कश्मीर और पाकिस्तान की सभी गैर-जरूरी यात्राओं से बचने की सख्त हिदायत दी गई है।

### पारिवारिक विवाद में युवक ने कुएं में कूदकर दी जान, शादी समारोह में मातम

**मीरजापुर :** शादी समारोह की खुशियां उस वक्त मातम में बदल गईं, जब पारिवारिक विवाद के चलते एक युवक ने दो बार कूप में छलांग लगाकर अपनी जान दे दी। यह हृदयविदारक घटना चुनार थाना क्षेत्र के सक्तेशगढ़ चौकी अंतर्गत रामपुर सक्तेशगढ़ गांव की है, जहां बने एक सरकारी कूप ने बुधवार की देर शाम एक युवक की जीवन लीला समेट ली। धुरकर गांव निवासी 26 वर्षीय मन्नू गोंड़ अपनी पत्नी के जीजा छोटेलाल के यहां एक विवाह समारोह में शामिल होने आया था। बताया जा रहा है कि पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जिसके बाद नशे की हालत में मन्नू पास स्थित कूप की ओर गया और उसमें कूद गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए उसे बाहर निकाल लिया। परंतु कुछ ही समय बाद मन्नू ने फिर वही रास्ता चुना और इस बार कुएं की गहराई से उसकी वापसी नहीं हो सकी। घटना की सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी विनोद कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।

# ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत एशियाई बाजारों में तेजी का रुख

एजेंसी



**नई दिल्ली :** ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान बढ़त के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज तेजी के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। दूसरी ओर, यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान गिरावट का शिकार हो गए। वहीं एशियाई बाजारों में आज आमतौर पर खरीदारी का माहौल बना हुआ है। अमेरिकी बाजारों में पिछले सत्र के दौरान आमतौर पर खरीदारी का माहौल बना रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.43 प्रतिशत की तेजी के साथ 5,631.28 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 0.27 प्रतिशत उछल कर 17,738.16 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 246.05 अंक यानी 0.60 प्रतिशत की छलांग लगा कर 41,360.02 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार के विपरीत यूरोपीय बाजारों में पिछले सत्र के दौरान बिकवाली का दबाव बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.45 प्रतिशत फिसल कर 8,559.33 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.92 प्रतिशत टूट कर 7,626.84 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 133.69 अंक यानी 0.58 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 23,115.96 के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजार में आज आमतौर पर मजबूती का रुख बना हुआ है। एशिया के 9 बाजारों में से 7 के सूचकांक मजबूती के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 2 सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं। सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.46 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 1,214.60 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.50 प्रतिशत लुढ़क कर 6,891.48 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 0.22 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,471.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह निक्केई इंडेक्स 0.27 प्रतिशत की बढ़त के साथ 36,879.54 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। हैंग सेंग इंडेक्स ने आज बड़ी छलांग लगाई है। फिलहाल यह सूचकांक 250.03 अंक यानी 1.09 प्रतिशत उछल कर 22,941.91 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। इसी तरह ताइवान वेट-ेड इंडेक्स 150.83 अंक यानी 0.73 प्रतिशत की मजबूती के साथ 20,697.32 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा कोस्पी इंडेक्स 0.55 प्रतिशत की तेजी के साथ 2,588.07 अंक के स्तर पर, शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.38 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,355.26 अंक के स्तर पर और स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.20 प्रतिशत उछल कर 3,873.05 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

## पाकिस्तान-भारत के मौजूदा तनाव ने अफगानिस्तान की चिंता बढ़ाई

एजेंसी

**काबुल :** पाकिस्तान और भारत के बीच ताजा तनाव ने अफगानिस्तान के व्यापार के लिए चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। बंदरगाहों पर अफगानिस्त से निर्यात होने वाले शिपमेंट रुक गए हैं। चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इन्वेस्टमेंट ने कहा कि इस स्थिति ने अफगानिस्तान की अर्थव्यवस्था पर और दबाव बढ़ा दिया है। टोलो न्यूज के अनुसार, चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इन्वेस्टमेंट के बोर्ड सदस्य खान जान अलोकोजय ने कहा कि यह स्थिति अफगानिस्तान के लिए नुकसानदेह है। सीमित आपूर्ति और उच्च मांग के कारण भारत में अफगान सामान अधिक महंगे हो गए हैं। भारत के लोगों को अफगानिस्तान के ताजे और सूखे फल पसंद हैं। दोनों देशों के बीच तनाव अफगानिस्तान के लिए गंभीर मुद्दा है। बोर्ड सदस्य ने पाकिस्तान और भारत की सरकार से पारगमन और व्यापार के मुद्दों को राजनीतिक और सुरक्षा मामलों से अलग करने का आह्वान किया है। वित्र मंत्रालय ने अफगानिस्तान की अर्थव्यवस्था पर भारत-पाकिस्तान तनाव के प्रत्यक्ष प्रभाव के बारे में भी चिंता व्यक्त की है। उप वित्त मंत्री अब्दुल लतीफ नाजारी ने कहा कि भारत-पाकिस्तान संबंधों में तनाव अफगानिस्तान की आर्थिक स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। अफगानिस्तान का जरूरी सामान वाघा सीमा के जरिए आयात होता रहा है।बढ़ते तनाव के साथ यह प्रक्रिया निस्संदेह अफगानिस्तान के आयात और निर्यात को गंभीर नुकसान पहुंचा सकती है। इस बीच, कुछ विशेषज्ञों का सुझाव है कि अफगानिस्तान भारत के साथ व्यापार जारी रखने के लिए ईरान के चाबहार बंदरगाह का अधिक से अधिक उपयोग कर सकता है। आर्थिक विशेषज्ञ मीर शकर याकूबी ने कहा कि क्षेत्रीय तनाव की स्थिति को देखते हुए वाघा के विकल्प के रूप में चाबहार बंदरगाह का उपयोग करने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। इस बंदरगाह के माध्यम से व्यापार को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाया जा सकता है।अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार ने दोनों देशों से वार्ता का आह्वान किया है।

**न्यूज IN ब्रीफ**

### रामबन में भूस्खलन , जम्मू-कश्मीर राष्ट्रीय राजमार्ग बंद

**रामबन :** जम्मू कश्मीर के रामबन में भूस्खलन की वजह से जम्मू-कश्मीर राष्ट्रीय राजमार्ग बंद हो गया है।अधिकारियों के अनुसार, चंबा सेरी, रामबन में बारिश व भूस्खलन के कारण जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर दोनों तरफ से वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हो गई है। मार्ग से मालवा हटाया जा रहा है। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे मौसम में सुधार होने और सड़क साफ होने तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर यात्रा न करें।

### छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में मनीष कुमार ठाकुर रजिस्ट्रार जनरल नियुक्त

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में रजिस्ट्रार मनीष कुमार ठाकुर को रजिस्ट्रार जनरल नियुक्त किया गया है। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा बुधवार की देर शाम को जारी आदेश के अनुसार जशपुर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मंसूर अहमद को रजिस्ट्रार नियुक्त किया गया है। जारी आदेश के अनुसार अतिरिक्त रजिस्ट्रार निधि शर्मा तिवारी को छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी, बिलासपुर का निदेशक तथा महासमुंद द्वितीय जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार पांडे को अतिरिक्त रजिस्ट्रार नियुक्त किया गया है।

### जालौन : बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत

**जालौन :** जिले की जालौन कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर गुरुवार सुबह तड़के एक हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। जालौन कोतवाली प्रभारी अजीत सिंह ने बताया कि यह हादसा उस समय हुआ जब एक पाइप लदा ट्रक सड़क किनारे खड़ा था। उसी समय लकड़ी लदा एक ट्रक तेज गति में आकर खड़े ट्रक में टकरा गया। इस हादसे में बगल से गुजर रही बाइक पर सवार तीन युवक भी इसकी चपेट में आ गए। मृतकों की पहचान पाटू सिंह निवासी पटगवां, थाना कटेरा झांसी, रिशु परिहार (22) निवासी ग्राम नंगेपुर, थाना कोंच, जिला जालौन और लोकेंद्र यादव पुत्र राजा सिंह निवासी ग्राम परसौरा, थाना गरौठा, जिला झांसी के रूप में हुई हैं। वहीं लोकेश गुर्जर और विक्की घायल हुए हैं जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज उरई रेफर किया गया है। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद मौके पर क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारु कराया। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे की पिकेट टीम ने भी राहत कार्य में सहयोग किया। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम भेजते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### अनुभव का कीर्तिमान एचएसआरपी प्लेट को लेकर एसपी ट्रैफिक का नया प्लान

**बरेली :** हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) को लेकर अब चालान प्रणाली में बड़े बदलाव की तैयारी है। एसपी ट्रैफिक मो. अकमल खान ने इस संबंध में एक तकनीकी संशोधन प्रस्ताव तैयार कर एसएसपी अनुराग आर्य को विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट सौंपी है। इस रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि बिना एचएसआरपी प्लेट वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। नए संशोधनों के तहत अब बिना एचएसआरपी के किसी भी वाहन को सड़क पर चलने की अनुमति नहीं होगी। यदि कोई वाहन बिना एचएसआरपी के पाया गया तो उसका चालान काटने के साथ-साथ वाहन को सीज भी किया जा सकता है। एसपी ट्रैफिक ने बताया कि यह कदम ऑनलाइन चालान प्रणाली को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए उठाया गया है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि एसएआईएम पोर्टल के माध्यम से वाहन मालिक आसानी से एचएसआरपी के लिए आवेदन कर सकते हैं और स्टेटस देख सकते हैं। विभाग का उद्देश्य नियमों का सख्ती से पालन कराना और सड़क सुरक्षा में सुधार लाना है। यह संशोधित प्रणाली जल्द ही पूरे जिले में लागू की जाएगी, जिससे वाहन स्वामियों को समय रहते एचएसआरपी प्लेट लगवाने का अवसर मिलेगा।

### पुलिस और शातिर बदमाश के बीच मुठभेड़, आरोपित गिरफ्तार

**कानपुर :** किदवई नगर पुलिस और बदमाशो के बीच देर रात मुठभेड़ हो गयी। इस घटना में एक शातिर के पैर में गोली लगी है। जबकि उसका दूसरा साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग निकला घायल को उपचार के लिए हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गुरुवार को उसे न्यायलय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया जाएगा। पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि किदवई नगर पुलिस आयुर्वेद पार्क के सामने वाहन चेकिंग कर रही थी। तभी एक बाइक पर दो व्यक्ति पुलिस को देखकर साइड नंबर एक की तरफ भागने लगे। जब उन्हें रोकने का प्रयास किया गया तो उन्होंने पुलिस टीम पर ही फायर झोंक दिया। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लग गयी। जबकि उसका दूसरा साथी मौके से फरार हो गया। पकड़े गए शातिर की पहचान हनुमंत विहार थाना क्षेत्र के शिवजी पुलिया निवासी गोपाल उर्फ ढक्कल के रूप में हुई है। उस पर चोरी, लूट और छिनैती के आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपित के पास से अवैध तमंचा, कारतूस और एक बाइक बरामद हुई है। जिसकी गहनता से जांच की जा रही है। अब उसे गुरुवार को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा जाएगा।

### दुकान से उड़ाई नकदी और चांदी का सामान

**शिमला :** जिला शिमला के रोहडू बाजार में एक दुकान में चोरी व की घटना सामने आई है। वारदात में करीब 60 हजार की नकदी व चांदी चोरी हुई है। पुलिस ने मामले में एक आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रोहडू के वार्ड नंबर 3 स्थित रामलीला मैदान के पास स्थित 'दलीप वर्मा बिल्डिंग' में विक्रमी ज्वेलर्स नामक दुकान के मालिक विक्रमजीत सोनी ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई है कि 6 और 7 मई की मध्यरात्रि में उनकी दुकान में अज्ञात व्यक्ति ने सेंधमारी कर दी। शिकायतकर्ता के अनुसार चोर दुकान से लगभग 400 से 500 ग्राम चांदी व 4,000 से 5,000 की नकदी चुराकर फरार हो गया। इसके साथ ही पूरी दुकान में तोड़फोड़ भी की गई है। सोनी ने पुलिस को बताया कि उन्हें शक है कि इस घटना को निखिल नामक युवक ने अंजाम दिया है। चोरी और तोड़फोड़ से उन्हें लगभग 60 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। इस संबंध में पुलिस थाना रोहडू में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 331(4) और 305 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया है और जांच जारी है।

# दो बाइक की जोरदार टक्कर में एक पुलिसकर्मी जवान की हुई दर्दनाक मौत, तीन गंभीर रूप से घायल

## पुलिस जवान को सम्मान पूर्वक दी गई सलामी

मेट्रो रेज संवाददाता

**गुमला :** गुमला बरगांव एफसीआई गोदाम के समक्ष मंगलवार के रात्रि लगभग 9 : 30 बजे, दो बाइकों में जोरदार टक्कर हो गई , जिसमें अनुकंपा के आधार पर गुमला में जॉब कर रहा, एक पुलिसकर्मी सीलम पंदन टोली ग्राम निवासी पुलिस जवान अंकित मुंडा की घटनास्थल पर हुई दर्दनाक मौत, जबकि उसका दोस्त होमगार्ड जवान जो गुमला के किसी एक बैंक में कार्यरत है , गिंडरा ग्राम निवासी राजकुमार मुंडा जो गंभीर रूप से घायल हो गया, दोनों व्यक्ति एक बाइक में सवार होकर कुटमा ग्राम से गुमला आ रहें थे, जबकि विपरीत दिशा से दुसरे बाइक में सवार होकर स्थानीय गणेशपुर डीपा गुमला निवासी अमर ज्योति लकड़ा और उसका दोस्त चंद्रेश कुमार एक बाइक में सवार होकर आ रहें थे,से सीधी टक्कर हो गई, और उक्त बाइक , पैदल आ रहें राहगीर ,दो सगे भाई जो एक शादी समारोह से आ रहे थे , उन्हें टक्कर मार दी, फलस्वरूप तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें , ग्रामीणों के सहयोग से आनन-फानन में इलाज के लिये गुमला सदर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने पुलिसकर्मी अंकित मुंडा को मृत घोषित कर दिया , जबकि गंभीर रूप से घायल राजकुमार मुंडा , अमर ज्योति लकड़ा , प्रीतम कुमार सिंह का गुमला सदर अस्पताल में डॉक्टरों के देखरेख में उसका इलाज चल रहा हैं, गुमला सदर थाना को सूचना मिलते ही गुमला सदर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें उक्त घाटनास्थल पर पहुंचकर सभी लोगों को उक्त घटनास्थल से उठकर उन्हें इलाज के लिये गुमला सदर अस्पताल लाया गया जहां पुलिस जवान अंकित मुंडा को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, यह सुनते ही उसके परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हैं, बाद गुमला पुलिस उक्त शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया गया और शवगृह में रखवाया गया और आज उक्त शव का पोस्टमार्टम कराया गया और गुमला पुलिस आवश्यक कार्रवाई और सम्मान पूर्वक सलामी दी गई और उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं।



## न्यूज ब्रीफ

### ऑपरेशन सिंदूर का सिविल सोसाइटी ने आभार प्रकट किया

**दुमका :** सिविल सोसायटी दुमका ने भारतीय सेना का ऑपरेशन सिन्दूर के सफल एयरस्ट्राइक के लिए आभार प्रकट किया। सरकार और भारत के तीनों सेना ने संयुक्त ऑपरेशन कर कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा किए गए कायराना आतंकी हमले और उस हमले में मारे गए हमारे निर्दोष 26 पर्यटको को सच्ची श्रद्धांजलि दी।

इस ऑपरेशन का नाम भी दिल को छूने वाली रखी गई। जिस तरह उन आतंकियों ने हमारे बहनों का सिन्दूर छीना आज उन आतंकियों के अड्डों को ध्वस्त कर हमारी सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया।नौ ठिकानों की पहचान कर उन्हें बर्बाद किया गया। इन ठिकानों में आतंकियों को प्रशिक्षित किया जाता था। ये आतंकियों के लॉन्च पैड थे। ऑपरेशन सिंदूर के लिए इन लक्ष्यों का चयन विश्वसनीय खुफिया सूचनाओं के आधार पर हुआ। इसमें यह ध्यान रखा गया कि पाकिस्तानी सेना,रिहाइशी इलाकों और आम नागरिकों को नुकसान न पहुंचे ये काबिले-तारीफ है।

आभार व्यक्त करने वालों में सिविल सोसायटी दुमका के अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा,उपाध्यक्ष प्रेम केशरी,सचिव संदीप कुमार जय बमबम,कोषाध्यक्ष सुरज केशरी,कार्यकारिणी सदस्य लक्ष्मी नारायण साह,अशोक कुमार राउत,राजेश कुमार राउत, अरूण कुमार सिन्हा,अखिलेश झा,प्रिया रक्षित,अरबी खातून,सुमिता सिंह,पुनम भगत,मनोज भालोटिया, रामाकांत साह,संतोष गोस्वामी, विक्रम कुमार,कुंदन कुमार,राजेश चौरसिया,रौशन कुमार,अधिवक्ता विद्यापति झा,संजीव कुमार दास, प्रफुल्ल त्रिवेदी,मो०कलाम कादरी, निलेश कुमार झा मिंटू आदि शामिल थे।

### देश की सुरक्षा के मामले में पूरा देश एकजुट है : अमरेंद्र

**दुमका :** भारतीय सेवा का ऑपरेशन सिंदूर पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए समाजसेवी सह अधिवक्ता डॉ अमरेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि देश की सुरक्षा के मामले में पूरा देश एकजुट है। भारतीय सेना ने हर बार माताओं की कोख, बहनों की कलाई, उनके माथे के सिंदूर की रक्षा की है। हम सत्य, अहिंसा और शांति को मानने वाले लोग है। हम ना गलत करते है ना सहते है। उन्होंने कहा, 'जय हिंद! जय हिन्द की सेना! न आतंक रहे, न अलगाववाद रहे। हमें अपने वीर जवानों और भारतीय सेना पर गर्व है।

### मुखिया संघ ने समस्याओं को लेकर डीसी को सौंपा ज्ञापन

**चाईबासा :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के बंदगांव प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में व्याप्त समस्याओं को दूर करने की मांग को लेकर मुखिया संघ के प्रतिनिधिमंडल ने डीसी कुलदीप चौधरी से मुलाकात की. लांडूपदा के मुखिया कुश पूर्ति की अगुवाई में प्रतिनिधियों ने डीसी को समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा. कुश पूर्ति ने कहा कि लांडूपदा पंचायत में कई माह पूर्व ही स्वास्थ्य उपकेंद्र बनकर तैयार हो गया है, लेकिन अब तक जनता को समर्पित नहीं किया गया है. जिस कारण ग्रामीण इसका लाभ लेने से वंचित हैं. डीसी ने कहा कि इस दिशा में जल्द ही आवश्यक कार्रवाई कर स्वास्थ्य उपकेंद्र में चिकित्सा सेव शुरू कर दी जाएगी. पंचायत समिति सदस्य कराईकेला तीरथ जामुदा ने वृधा पेंशन समय पर न मिलने का मामला उठाया. साथ विधार्थिओं के पास आधार न होने के कारण नामांकन में हो रही समस्या से अवगत कराया. आधार शिविर आयोजन की बात रखी गई. जिस पर उपायुक्त ने कहा कि आवश्यक कार्रवाई के पश्चात शिविर आयोजन करने की बात कही.इस इस मौके पर भालूपानी पंचायत की मुखिया साबित्री मेलगाण्डी, हुरंगदा पंचायत की मुखिया लक्ष्मी गागराई, सुरेश पूर्ति समेत अन्य उपस्थित थे.

### मानगो बालिगुमा में घटिया सड़क निर्माण पर हंगामा, उपायुक्त से की शिकायत

**जमशेदपुर :** बालीगुमा बगान एरिया में पीसीसी सड़क निर्माण में भारी गड़बड़ी को लेकर स्थानीय लोगों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। रोड कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट द्वारा आठ इंच की जगह मात्र दो से चार इंच मोटी ढलाई की गई, जिससे लोगों का आक्रोश फूट पड़ा।स्थानीयों का आरोप है कि संवेदक ने घटिया निर्माण की शिकायत करने पर उन्हें धमकाया और कहा कि ह्लरुपया देकर काम लिया है, जहां शिकायत करनी हो कर दो।ह्व इस पर पूर्व भाजपा नेता विकास सिंह मौके पर पहुंचे और आरसीडी के कार्यपालक अभियंता दीपक सहाय से संपर्क का प्रयास किया, लेकिन जवाब नहीं मिला। इसके बाद विकास सिंह ने जिला उपायुक्त अन्नय मित्तल को पूरे मामले से अवगत कराया। उपायुक्त ने उच्चस्तरीय जांच और संबंधित संवेदक व विभागीय अधिकारियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। स्थानीयों ने चेतावनी दी है कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करेंगे।

### 20 मई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान

**धनबाद :** पुराना बाजार स्थित भाकपा माले कार्यालय में बुधवार को वाम मोर्चा की बैठक जिला सचिव संतोष कुमार घोष की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 20 मई को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी औद्योगिक एवं आम हड़ताल को सफल बनाने के लिए रणनीति बनी। तय हुआ कि 10 मई को लुबी सर्कुलर रोड स्थित सम्राट चौधरी के आवासीय कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हड़ताल के समर्थन में वक्तव्य जारी किए जाएंगे। 11 से 18 मई तक सभी विधानसभा क्षेत्रों में नुक्कड़ सभाएं की जाएंगी। प्रचार गाड़ियों और पर्चा वितरण से जनता से हड़ताल में शामिल होने की अपील की जाएगी। बैठक में माले के बिंदा पासवान, सीपीआई के महबूब आलम, फारवर्ड ब्लॉक के युनूस अंसारी, किसान सभा के संतोष महतो सहित वाम दलों के कई नेता उपस्थित थे।

# पीसी एण्ड पीएनडीटी की जिला सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

मेट्रो रेज संवाददाता

**गुमला :** गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में पीसीएण्ड पीएनडीटी की जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति के पुनर्गठन एवं निरीक्षण तथा अनुश्रवण समिति के कार्यों की समीक्षा की गई।

बैठक में उपायुक्त ने निर्देश दिया कि समिति के पुनर्गठन हेतु निर्धारित गाइडलाइन का पुनः अवलोकन करते हुए नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। साथ ही जिला निरीक्षण एवं अनुश्रवण समिति हेतु एक कार्यपालक दंडाधिकारी को नामित किए जाने पर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक के दौरान निदा अल्ट्रासाउंड (थाना रोड, सिसई) तथा जागृति अल्ट्रासाउंड (बाजार टांड, सिसई) में पूर्व में सोनोग्राफी चिकित्सक की अनुपलब्धता के कारण अस्थायी रूप से सेवा बंद रखने का निर्देश दिया गया था। किंतु अब चिकित्सक की उपलब्धता सुनिश्चित होने पर, समिति के पुनर्गठन उपरांत इन केंद्रों को पुनः संचालन की अनुमति प्रदान की गई।



समिति के पुनर्गठन हेतु उपायुक्त द्वारा तीन सदस्यीय टीम गठित करने का निर्देश दिया गया, जिसमें सिविल सर्जन गुमला, परियोजना निदेशक आईटीडीए तथा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को शामिल करने का निर्णय लिया गया। यह टीम अन्य एनजीओ से सदस्यों का चयन भी सुनिश्चित करेगी।

बैठक में अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, लायंस क्लब के अध्यक्ष, स्वयं सहायता महिला समिति मुरकुंडा गुमला की संचालिका सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# मुख्य पाइप लाइन फटने से हजारों लीटर पेयजल की हो रही है बर्बाद

मेट्रो रेज संवाददाता

**गुमला :** गुमला जिला मुख्यालय से लगभग तीन किलोमीटर दूर स्थित हवाई अड्डे के पास नागफेनी जलापूर्ति योजना के तहत स्वच्छता जलापूर्ति विभाग ( पीएचईडी ) गुमला द्वारा गुमला जिला मुख्यालय में जलापूर्ति कर इस प्रचण्ड गर्मी में आमलोगों की प्यास बुझाई जा रही है , इसी क्रम में एक निजी घर निर्माण कार्य में लगे जेसीबी मशीन ने मेन मुख्य जलापूर्ति पाइप को क्षतिग्रस्त कर दिया हैं , फलस्वरूप उक्त जलापूर्ति क्षतिग्रस्त पाइप लाइन से हजारों लीटर पेयजल की बरबादी हो रही हैं, इस संबंध में , जलापूर्ति योजना के संवेदक संदीप कुमार ने बताया की गुमला जिला मुख्यालय से लगभग तीन किलोमीटर दूर स्थित हवाई अड्डा के पास एक निजी घर निर्माण कार्य में लगें एक जेसीबी मशीन ने मुख्य जलापूर्ति पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया हैं, जिसके कारण उक्त जलापूर्ति मुख्य पाइप लाइन से हजारों लीटर पेयजल पानी की बरबादी हो रही हैं, उक्त सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुयें जब संबंधित टीम उक्त घटनास्थल पर पहुंची तब तक घर निर्माण में लगे सभी संबंधित लोग फरार हो चुके थे , संबंधित टीम छानबीन और पुछताछ कर यह पतालगानै में जूट गई हैं, की उक्त घर निर्माण का कार्य कौन करवा रहा था और जेसीबी मशीन किसका हैं , उक्त घटना से संबंधित सभी जानकारियां लिखित रूप से जलापूर्ति योजना विभाग को दे दी गई है, उक्त सभी संबंधित लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी , उक्त क्षतिग्रस्त जलापूर्ति पाइप लाइन का कार्य होता अतः बुधवार को जिला मुख्यालय में पेयजलापूर्ति बाधित रहेगी ।



## एसकेएमयू: पीजी सेमेस्टर-3 कॉमर्स संकाय का परिणाम घोषित

**दुमका :** सिदो-कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका ने पीजी सेमेस्टर- 3 परीक्षा 2024, सत्र 2023-25 ??वाणिज्य संकाय का रिजल्ट बुधवार को घोषित कर दिया है। उक्त परीक्षा में कुल 87.71 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। मालूम हो कि विश्वविद्यालय ने उक्त परीक्षा 5 से 16 अप्रैल तक आयोजित की थी और अब महज 21 दिनों में परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. जयकुमार साह ने बताया कि अभी सिर्फ वाणिज्य संकाय का रिजल्ट जारी किया गया है, एक सप्ताह के अंदर कला, मानविकी और विज्ञान संकाय का रिजल्ट भी प्रकाशित कर दिया जाएगा। उक्त संकायों के विषयों का मूल्यांकन कार्य अंतिम चरण में है जैसे ही मूल्यांकन प्रक्रिया सम्पन्न होगी परिणाम जारी कर दिया जायेगा।

# विश्व थैलेसीमिया दिवस पर डीसी ने किया रक्तदान, थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों से की मुलाकात

**गुमला :** विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर आज वृहस्पतिवार को गुमला सदर अस्पताल परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी ने स्वयं रक्तदान कर शिविर का विधिवत शुभारंभ किया।

उक्त अवसर पर उपायुक्त ने जिलेवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में आगे आकर स्वेच्छा से रक्तदान करें। उन्होंने कहा कि ₹आपका एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद को नया जीवन दे सकता है। विशेषकर थैलेसीमिया जैसे गंभीर रोग से ग्रसित बच्चों के लिए समय पर रक्त उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक होता है।

उपायुक्त गुमला ने थैलेसीमिया रोग की जानकारी देते हुए बताया कि यह एक अनुवांशिक रक्त विकार है, जिससे पीड़ित अधिकांश बच्चे जीवन भर नियमित ब्लड ट्रांसफ्यूजन पर निर्भर रहते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चों का जीवन बचाने के लिए समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को रक्तदान जैसे पुण्य कार्य में भागीदार बनना चाहिए।

इस अवसर पर उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी ने अस्पताल परिसर स्थित थैलेसीमिया सेंटर में उपचार के लिए आए बच्चों से आत्मीय मुलाकात की। उन्होंने बच्चों के बीच खिलौनों का वितरण किया और बच्चों के परिजनों से बातचीत कर उन्हें बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना भी की।



स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयोजित इस रक्तदान शिविर में सदर अस्पताल के डेम प्रमोद कुमार साहू सहित कई अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी भाग लिया और रक्तदान किया।

## धनबाद में गरजा प्रशासन का बुलडोजर, ध्वस्त कर दी 50 दुकानें

**धनबाद :** जिले में अतिक्रमण हटाने के लिए जमकर बुलडोजर ऐक्शन हुआ। यहां प्रशासन ने बुलडोजर कार्रवाई करते हुए करीब 50 दुकानों को जमींदोज कर दिया है। प्रशासन ने 4 दर्जन से ज्यादा दुकानों पर बुलडोजर कार्रवाई की वजह भी बताई है। आइए जानते हैं पूरा मामला क्या है। मिली जानकारी के अनुसार, सरकारी जमीन का अतिक्रमण कर वहां दुकान लगाकर लाखों की अवैध वसूली हो रही थी। यह खुलासा तब हुआ, जब बिनोद बिहारी चौक पर नगर निगम की टीम अतिक्रमण हटाने के लिए पहुंची। वहां दुकानदारों ने निगम के फूड इंस्पेक्टर अनिल कुमार को दुकानदारों ने बताया कि हर माह प्रभुनारायण सिंह नामक एक आदमी आकर 3-5 हजार रुपए महीने हमलोगों से दुकान लगाने के बदले वसूलता है। आज उसे फोन कर रहे हैं तो वह नहीं उठा रहा है। जितनी बड़ी दुकान, उतनी अधिक वसूली की जा रही है। इस मामले का संज्ञान लेते हुए प्रशासन ने बुलडोजर कार्रवाई शुरू कर दी और 4 दर्जन से ज्यादा दुकानें जमींदोज कर दी।

नगर आयुक्त ने कहा कि दुकानदारों की ओर से लिखित शिकायत मिलती है तो निगम वसूली करने वालों पर एफआईआर दर्ज कराएगा। अवैध वूसली करने वाले को चिह्नित करने का काम किया जा रहा है। बुधवार को नगर निगम ने जेसीबी लगाकर अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। बिनोद बिहारी चौक से भूली की ओर जाने वाली सड़क का अतिक्रमण करने वालों के निर्माण को तोड़ा गया। लगभग 50 से अधिक अवैध दुकानें ध्वस्त की गईं। वहीं लोहे के निर्माण और गुमटियों को भी जेसीबी लगाकर तोड़ा गया। नगर निगम के सिटी मैनेजर विशाल सिन्हा और रजनीश लाल के नेतृत्व में कार्रवाई करने के लिए निगम की टीम सुबह आठ बजे ही आठ लेन सड़क पर अतिक्रमण हटाने के लिए पहुंच गई।

# एक राष्ट्र एक चुनाव पर संगोष्ठी का आयोजन

मेट्रो रेज संवाददाता

**दुमका :** गोलपुर पंचायत के निर्मल स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष अर्चना पूजहर की अध्यक्षता में बुधवार को ₹एक राष्ट्र, एक चुनाव₹ विषय पर एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया में सुधार, संसाधनों की बचत, और लोकतंत्र को और अधिक प्रभावी एवं समर्पित बनाना था। संगोष्ठी में मुख्य रूप से डॉ. अंजुला मुर्मू,पूर्व नगर परिषद अध्यक्षा अमिता रक्षित,गायत्री जायसवाल,पूनम भगत मौजूद रही । संगोष्ठी को संबोधित करते हुएडॉ. अंजुला मुर्मू ने कहा कि बार-बार चुनावों से शिक्षण, प्रशासन और विकास जैसे क्षेत्रों में बार-बार बाधा आती है। एकसाथ चुनाव कराए जाने से न केवल संसाधनों की बचत होगी, बल्कि नागरिकों में चुनाव के प्रति जागरूकता और सहभागिता भी बढ़ेगी। एक राष्ट्र, एक चुनाव₹ न केवल भारत के लोकतंत्र को मजबूत करेगा, बल्कि इससे देशभर में सुशासन और विकास की गति भी तेज होगी। यह विचार समय की मांग है, जिसे अब क्रियान्वयन में लाना चाहिए।पूर्व नगर परिषद अध्यक्षा अमिता रक्षित ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों तक चुनावी सुधारों की समझ और जागरूकता पहुँचना बेहद आवश्यक है। यह पहल लोकतंत्र को और अधिक जवाबदेह, पारदर्शी और सशक्त बनाएगी। हम सबको इसके समर्थन में एकजुट होना चाहिए।




संगोष्ठी में गायत्री जायसवाल एवं पूनम भगत ने भी अपने विचार रखा । संगोष्ठी में सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु को प्रेषित किया गया, जिसमें मांग की गई कि वन नेशन, वन इलेक्शन की ऐतिहासिक पहल को शीघ्र लागू किया जाए।

संगोष्ठी में स्थानीय महिलाओं, युवाओं, समाजसेवियों ने भाग लिया और ₹एक राष्ट्र, एक चुनाव₹ के पक्ष में अपना समर्थन व्यक्त किया।



श्री सुनील पाठक और श्रीमती माया पाठक के वैवाहिक जीवन के वर्षगांठ पर सभी परिजनों की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई।